सूर्योदय 5:28 सूर्यास्त 7:03
मुज़फ़्फ़रनगर
अधिकतम -38.8
न्यूनतम - 26.6

50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र
पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79)
डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24
मूल्य 2/-

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Web : muzaffarnagarbulletin.co.in
संस्थापक : उत्तम चन्द्र शर्मा (M. 9837042840)
सम्पर्क सूत्र: (कार्यालय) 9368549219
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

वर्ष-50 | अंक-131 | शुक्रवार 13 मई, 2022 | बैशाख, शुक्ल पक्ष, द्वादशी, सम्वत् 2079 | पृष्ठ-4

अनमोल वचन

चरित्रहीन शिक्षा, मानवता विहीन विज्ञान और नैतिकता विहीन व्यापार ख़तरनाक होते हैं।

यह मुज़फ़्फ़रनगर है

मायावती ने आज़म ख़ान के लिए सहानुभूति जताई : लखनऊ

कांग्रेस की, शिवपाल यादव की और अब बसपा की नज़र भी आज़म पर ही है...

बिजली-पानी की बर्बादी रोकने की सीख दे गई महामहिम

❑भारत को विश्वगुरू बनाने में शिक्षा व सेहत जरुरी: आनंदीबेन ❑75 आंगनबाड़ी केंद्रों से शुरू हुई गुरूवार को अभिनव पहल

मुजफ्फरनगर, 12 मई (बु.)। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने जिला जिला पंचायत सभागार में कहा कि देश वास्तव में तब तक विश्व गुरू नहीं बन सकता जब तक बच्चों की सेहत व शिक्षा पर पूर्ण रूप से ध्यान नहीं दिया जाता। इसी पवित्र उद्देश्य के चलते उन्होंने यूपी में आंगनवाड़ी केंद्रों को समृद्ध करने की मुहिम चलाई है जिसमें विश्वविद्यालय, कॉलेज और उद्यमियों को जोड़ा गया है। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि आज सभी यहां से प्रण लेकर जाए कि गरीब बच्चों की मदद के साथ बिजली व पानी को बचाना है। उन्होंने आयोजनों के नाम पर हो रही बिजली-पानी की बर्बादी पर चिंता जताते हुए इस दिशा में सोच को बदले जाने की बात की। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यक्रमों में अधिकारी पानी की बर्बादी रोकने के लिए जहां एक लीटर की बोतल के बजाय 100 मिली की बोतल का प्रयोग करने के साथ जितना पानी जरूरत हो उतना ही प्रयोग की बात की, वहीं मीटिंग खत्म होने के बाद बिजली के पंखे, ऐसी तत्काल बंद किए जाने का आह्वान किया। घरों में भी इसी प्रकार की व्यवस्था होनी चाहिए।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल गुरूवार को पंचायत सभागार में आंगनबाडी केन्द्रों को गोद लेने के आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची, जहां उनकी प्रेरणा से 75 आंगनबाडी केन्द्रों को गोद लिया गया। इस दौरान कार्यक्रम में राज्यपाल के अलावा केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, पालिका चेयरमैन अंजू अग्रवाल, विधान परिषद सदस्य वंदना वर्मा, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला, शाकुम्भरी देवी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एचएस सिंह ने अतिथि के रूप में मंच पर भाग लिया। कार्यक्रम में गोद लिये आंगनबाडी केन्द्रों की 75 आंगनबाडी कार्यकत्रियां, 9 आंगनबाडी सहायिका, 18 आशा एवं 18 ग्राम प्रधान द्वारा प्रतिभाग किया। मंच संचालन सीडीओ आलोक यादव द्वारा किया गया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अपने उद्बोधन में आंगनबाडी केन्द्र गोद लेने वाली संस्थाओं का धन्यवाद करते हुए केन्द्रों के उत्थान को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे विभिन्न प्रयासों के अतिरिक्त समाज के योगदान किये जाने का अनुरोध किया। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों से अपेक्षा की कि वें अपने भ्रमण के दौरान आंगनबाडी केन्द्र पर ड्राई राशन वितरण, प्राथमिक स्कूलों में मिड-डे-मील एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण से सम्बंधित जानकारी अवश्य करें एवं किसी भी व्यवधान की दशा में अपेक्षित कार्यवाही भी करें। राज्यपाल द्वारा प्रधानमंत्री के आमजन तक पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में किये जा रहें प्रयास का उल्लेख करते हुए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को जल एवं विद्युत का समुचित उपयोग करने का संदेश दिया, ताकि जल एवं विद्युत का व्यर्थ उपयोग रोका जा सके। इसी प्रकार उन्होंने सभी लोगों को अपने बच्चों में बचत की आदत अपनाने हेतु प्रेरित किया, ताकि विभिन्न संसाधनों को आगामी पीढ़ी हेतु संरक्षित किया जा सके। उन्होंने आम जीवन प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को यथा सम्भव प्रशिक्षण प्राप्त करने का संदेश दिया, ताकि हम अपने अनुभव से आगामी पीढ़ी को लाभान्वित कर सके। राज्यपाल द्वारा जिलाधिकारी से अपेक्षा की कि वह आंगनबाड़ी केन्द्र गोद लेने-सुविधा सम्पन्न बनाने के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने की दिशा में यथासम्भव प्रयास करेंगे। कार्यक्रम के अंत में डीएम चन्द्र भूषण सिंह द्वारा राज्यपाल को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आश्वासन दिया कि वह आंगनबाडी केन्द्रों को गोद लेने व सुविधा सम्पन्न बनाने के कार्यक्रम को आगे बढाने का हर सम्भव प्रयास करेंगे।

उद्यमी कुशपुरी व विपुल भटनागर को सम्मानित करती राज्यपाल।

ग्राम प्रधान आंगनबाड़ी केंद्रों पर नियमित रूप से जाएं

मुजफ्फरनगर, 12 मई (बु.)। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट स्थित जिला पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद रहे जनप्रतिनिधियों का आह्वान किया कि जनप्रतिनिधि आंगनबाड़ी केंद्रों को और अधिक बेहतर बनाने के साथ ही उनका समय-समय पर निरीक्षण जरूर करें, ताकि उक्त केंद्रों में सुधार के साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रोत्साहन मिले। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल गुरूवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जिला पंचायत सभागार में जहां ग्राम प्रधानों से अपील की कि वें आंगनबाड़ी केंद्रों पर नियमित रूप से जाते रहे। साथ ही उन्होंने सभी ग्राम प्रधान केंद्रों को इन केंद्रों पर जाने के दौरान अपने खेतों में पैदावार के साथ ही गुड़-गन्ना आदि उपलब्ध कराने की पहल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी प्रधान संकल्प लें कि अपने गांव को टीवीमुक्त, कुपोषण और रोगमुक्त करने के साथ ही अशिक्षा का अंधेरा दूर करना है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि देश की भावी पीढ़ी की बेहतरी को कुलपति से लेकर शिक्षक, ग्राम प्रधान, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को ट्रेनिंग की जरूरत है। उन्होंने स्वीकार किया कि आज के बच्चे काफी तेज हैं और नई टैक्नोलॉजी से जुड़ रहे हैं, लेकिन इसमें ओर सुधार और समय-समय पर ऐसे में जरूरतें बदल रही हैं। इसके चलते हर क्षेत्र में ओर प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित चलते रहना चाहिए, जिससे व्यवस्थाएं दुरुस्त रहेंगी।

जिला पंचायत सभागार में राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल के साथ केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, चेयरमैन अंजू अग्रवाल व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सभागार में उपस्थित उद्यमी व सम्बोधन करती राज्यपाल।

राज्यपाल ने छात्र-छात्राओं के माध्यम से जानी बंदियों की मनोदशा

❑6 स्कूलों के 31 छात्र-छात्राओं ने बंदियों से बात कर राज्यपाल को बताया उनका हाल
❑कई बंदियों ने अपने गुनाह को स्वीकारा, तो कुछ ने भविष्य में भी अपराध की बात कही
❑अन्याय के खिलाफ आवाज़ तो उठाएं, लेकिन कोई भी अपराध करने से करें परहेज : पटेल

मुज़फ़्फ़रनगर, 12 मई (बु.)। यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने ज़िला कारागार का निरीक्षण कर बंदियों की मनोदशा का हाल लिया। 6 स्कूलों के 31 छात्र-छात्राओं ने बंदियों से बात करने के बाद राज्यपाल को उनकी सोच के बारे में बताया। कई बंदियों ने तो गुनाह का प्रायश्चित करने तो कई ने आगे फिर अपराध करने की बात कही। बच्चों से मिले इनपुट के आधार पर राज्यपाल ने समय-समय पर बंदियों की काउंसिलिंग कराने पर जोर दिया। उन्होंने महिला बंदियों से अन्याय का विरोध करने, मगर भविष्य में अपराध ना करने की नसीहत दी। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने ज़िला कारागार पहुंचकर सबसे पहले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मृति पटल पर पुष्प अर्पित किए। जेल में महिला बंदियों ने मां सरस्वती की वंदना के साथ स्वागत गान भी गाया। राज्यपाल ने महिला बंदियों के साथ रहने वाले बच्चों के लिए स्थापित क्रेच का उद्घाटन भी किया। उन्होंने महिला बंदियों से संवाद करते हुए उनके द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की सराहना की। राज्यपाल की तरफ से महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों को उपहारस्वरूप विभिन्न खेल-खिलौने, फल, मिठाइयां वितरित किए। राज्यपाल ने जेल में बंदियों से बात कर लौटे छात्र-छात्राओं से काफी देर बातचीत की। दरअसल, शहर के 6 स्कूलों के 31 बच्चों को सुबह ही जेल में प्रवेश मिल गया था। छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न अपराधों में बंद लोगों से अपराध की परिस्थिति, अपने गुनाह को लेकर किसी तरह का प्रायश्चित है, भविष्य में अपराध से तौबा करने जैसे सवाल पूछे गए थे। छात्र-छात्राओं ने राज्यपाल के समक्ष बंदियों से हुई बातचीत का पूरा ब्यौरा रखा था। छात्रा परिधि का कहना था कि कई बंदियों ने बातचीत में अपने गुनाह को स्वीकारते हुए भविष्य में अच्छा जीवन जीने की बात स्वीकार की। एक-दो बंदी ऐसे थे, जो भविष्य में भी अपराध करने की बात कह रहे थे। इसी तरह छात्र तेजस ने कहा कि जेल के अंदर बेहतर सुविधाएं हैं, जरूरत इस बात की है कि समय-समय पर बंदियों की काउंसिलिंग कराने के साथ उन्हें पढ़ने के लिए अच्छे-अच्छे साहित्य उपलब्ध कराएं जाए। राज्यपाल ने इन विद्यार्थियों से सीख ग्रहण करने को कहा। जिन कारणों से व्यक्ति जेल में आता है, उन कारणों को अपने भीतर प्रवेश ना करने दें। उन्होंने महिला बंदियों से भी भविष्य में अपराध न करने और शैक्षिक रूप से खुद को मजबूत करने को कहा। उन्होंने एनजीओ से जुड़ी महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर भी सम्मानित किया। महिला बंदियों ने राज्यपाल को अपने द्वारा निर्मित बैग एवं जिला कारागार की ओर से पौधा और पुस्तक भेंट किया। केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान, राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल, डीएम चन्द्रभूषण सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, डीआईजी जेल मेरठ अमिता दूबे, जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा आदि अधिकारी मौजूद रहें।

73 महिला बंदियों को दी गई सूट और साड़ी

मुज़फ़्फ़रनगर, 12 मई (बु.)। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ज़िला कारागार में उपहारों की सौगात लेकर पहुंची थी। जेल में बंद 73 महिला बंदियों और साथ में रहने वाले 3 बच्चों के लिए सूट, साड़ी और कपड़े वितरित किए गए। इसके अलावा फ्रिज, वॉशिंग मशीन, सिलाई मशीन, छोटे बच्चों के लिए एजुकेशनल किट, एलईडी, म्यूजिक सिस्टम, कूलर और वाटर कूलर भी उपलब्ध कराया गया। राज्यपाल ने जल्द ही जेल के लिए 2 कम्प्यूटर उपलब्ध कराने की बात कही। राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने जल्द ही 5 नए कम्प्यूटर दिलाने का भरोसा दिलाया है।

रोडवेज बस पकड़ने के लिए हुई जेब ढीली और टांग तुड़ाई

मुजफ्फरनगर, १२ मई (बु.)। राज्यपाल के भ्रमण के चलते आज रोडवेज बस स्टैंड सूना रहा। सुबह आठ बजे से यहां बसों का आवागमन बंद कर दिया गया था। इसके बाद वहां पहुंचे यात्रियों को ई रिक्शा और टेंपों में भटकना पड़ा। टांग तुड़ाई अलग। इसके अलावा रोडवेज को हुआ घाटा तो किसी गिनती में ही नहीं है। सुबह आठ बजे से अड्डा बंद होने के बाद रोडवेज बसों को पकड़ने के लिए यात्रियों को लंबी दौड़ लगानी पड़ी। जिन लोगों को आज की पूर्व घोषित व्यवस्था की जानकारी नहीं थी, वे पहले रोडवेज अड्डे पर पहुंचे और फिर उन्हें अपने गंतव्य की ओर जाने के लिए उन स्थानों की दौड़ लगानी पड़ी जहां से बसें मिलनी थी। ज्ञातव्य है कि बिजनौर जानसठ की ओर जाने वाली रोडवेज बसों की व्यवस्था जानसठ बस स्टैंड पर, सहारनपुर, देहरादून और हरिद्वार की ओर जाने वाली बसों की व्यवस्था विश्वकर्मा चौक और दिल्ली, मेरठ

शेष : पृष्ठ ४ पर

सामूहिक दुष्कर्म में दो आरोपियों को 20-20 साल की सजा

मुज़फ़्फ़रनगर, 12 मई (बु.)। छपार क्षेत्र में 7 साल पहले हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पॉक्सो कोर्ट ने दो आरोपियों को 20-20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा दोनों आरोपियों को 25-25 हजार रुपये के आर्थिक दंड से भी दंडित किया है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक घटना छपार क्षेत्र की है। जुलाई 2015 में आरोपी जमशेद और अय्याज ने एक घर में घुसकर गृहस्वामिनी से मारपीट की और उसकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया गया। सामूहिक दुष्कर्म के इस मामले में पुलिस ने आरोपियों को जेल भेजने के बाद उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया। इस मामले की सुनवाई स्पेशल जज पॉक्सो कोर्ट में हुई। अभियोजन अधिकारी कुलदीप पुंडीर, विक्रांत राठी और प्रदीप बालियान ने पैरोकारी करते हुए 7 गवाह प्रस्तुत किए। विशेष न्यायाधीश आरती फौजदार ने अभियोन के साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपी जमशेद और अय्याज को दोषी मानते हुए 20-20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। सरकारी अधिवक्ता राजीव शर्मा के मुताबिक जुर्माना ना अदा करने पर दोनों आरोपियों को अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

राज्यपाल ने पालिका चेयरमैन को दिया कलेक्ट्रेट सभागार आने का निमन्त्रण

❑कलेक्ट्रेट सभागार में भी राज्यपाल के आग्रह पर ही मिला चेयरमैन को स्थान

मुजफ्फरनगर, १२ मई (बु.)। भाजपा में होते हुए भी न जाने क्यों चेयरमैन अंजू अग्रवाल बेगानी सी दिखाई पड़ती हैं। गुरूवार को भी ठीक ऐसा ही हुआ, जैसा कोरोना काल के दौरान मुख्यमंत्री के आगमन पर हुआ था। नगर की प्रथम नागरिक चेयरमैन अंजू अग्रवाल को मुख्यमंत्री के आगमन के समय पर भी न्यौता नहीं दिया गया था और राज्यपाल के आगमन पर भी ठीक वैसा ही हुआ। चेयरमैन अंजू अग्रवाल गुरूवार की सुबह गेस्ट हाउस तक पहुंची और उन्होंने बाहर खड़े सिपेहसालारों को राज्यपाल को देने के लिए अपने नाम की पर्ची दी। इस पर राज्यपाल ने उन्हें सम्मान सहित अंदर बुलाया और लगभग १० मिनट उनसे वार्ता की और चलते समय उनसे पूछा कि कलेक्ट्रेट सभागार में तो मिलेंगी ना ? इस पर चेयरमैन ने साफ कह दिया कि उन्हें कोई निमंत्रण नहीं दिया गया। इस पर राज्यपाल ने उन्हें सम्मान देते हुए कहा कि मुझे कार्यक्रम में ही मिलना, मैं निमंत्रण दे रही हूँ। राज्यपाल के निमंत्रण के बाद नगर चेयरमैन अंजू अग्रवाल कलेक्ट्रेट सभागार पहुंची तो वहां पर भी उन्हें मंच पर स्थान राज्यपाल के कहने

शेष : पृष्ठ ४ पर

महामहिम के दौरे के चलते सड़कें सूनी तो गलियां हुई जाम

मुजफ्फरनगर, १२ मई (बु.)। राज्यपाल आनंदी बेन का दौरा वैसे तो जिले के लिए गौरव की बात रहा, लेकिन इस दौरे के चलते आज शहर वासियों को तमाम मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इस दौरे के चलते जहां रोडवेज बस स्टैंड को शहर से बाहर भेजते हुए तीन स्थानों पर बसों के रुकने की व्यवस्था की गई थी, वहीं जिन मार्गों से राज्यपाल को गुजरना था, उन्हें घंटों बंद रखे जाने से यातायात व्यवस्था लड़खड़ाकर रह गई। गलियों में जाम में वाहन फंसे रहे। राज्यपाल के आगमन के चलते आज शहर की सड़कों और चौराहों पर पुलिस अतिरिक्त चुस्त दिखाई दी। पहले राज्यपाल के लोनिवि से कलेक्ट्रेट की ओर गमन के चलते इस ओर के मार्ग पर वाहनों का संचालन रोक दिया गया। रास्तों में लगी बैरिकेटिंग भी हटा ली गईं। इसके बाद उनके कलेक्ट्रेट से जिला चिकित्सालय जाने के समय यहां से अंसारी रोड होते हुए पूरे मार्ग पर यातायात रोक दिया गया। राज्यपाल के जिला चिकित्सालय में रहते बाहर सड़क पर स्थिति भयावह रही। इस दौरान मालवीय चौक से दो पहिया वाहनों तक को जाने की अनुमति नहीं दी गई। इन वाहनों को वापस लौटाया तो वे बालाजी चौक से होते हुए आर्यपुरी के जरिए रास्ता तलाश करने के लिए गलियों में घुसे तो वहां से भी उन्हें अंसारी रोड की ओर नहीं निकलने दिया गया। इसके चलते तमाम वाहन वहां फंसे रहे। घंटों वहां बेहद दयनीय स्थिति रही। इसी तरह से ब्रह्मपुरी और साकेत के रास्ते से अंसारी रोड पर आने वाले वाहनों को रोक दिया गया। वहां से गांधी कॉलोनी के रास्ते जिला कारागार जाते समय वहां भी यातायात को रोका गया। इसके बाद वहां से जैन कॉलेज की ओर जाने के समय भी सड़कों पर यातायात बाधित होने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब तीन बजे महामहिम विदा हुई तो स्थिति सामान्य हुई। कई दिन से उनके स्वागत की तैयारियों में जुटे अधिकारियों को भी सांस लेने का मौका मिला। सुबह से धूप में खड़े पुलिस अधिकारी व कर्मचारी भी राज्यपाल के जाने की हरी झंडी मिलते ही चैन की सांस लेते हुए सुरक्षित ठिकानों की ओर दौड़ पड़े। इसके बाद मालवीय चौक पर अंसारी रोड की ओर से हटाई गई बैरिकेटिंग को दोबारा लगाना भी पुलिस अधिकारी व कर्मचारी भूल गए।

कभी फुर्सत हो तो महामहिम इस सड़क की ओर भी आ जाना

मुजफ्फरनगर, १२ मई (बु.)। इसे प्रोटोकॉल कहें या राज्यपाल का सम्मान प्रशासन ने उन्हीं सड़कों को मरम्मत के लिए चुना जहां से महामहिम का आवागमन होना था। जिला कारागार जाने के लिए गांधी कॉलोनी पुल के ऊपर से होते हुए जिस रास्ते से राज्यपाल को जाना है, उसी रास्ते पर मरम्मत का काम कराया गया। यही रोड आगे इतनी खस्ता हाल है, लेकिन उसकी ओर ध्यान देने की फुर्सत ना तो नगर पालिका को है और ना प्रशासन को। स्थानीय लोगों का कहना था कि राज्यपाल थोड़ा और आगे घूम जातीं तो उन्हें नगर पालिका के कारनामे का पता चल जाता या फिर इन सड़कों की मरम्मत हो जाती। याद रहे कि गांधी कॉलोनी चौराहे से बारात घर के पास तो सड़क पूरी दल दल बन चुकी है। यहां रोडियां इस तरह फैली हुई हैं कि उन पर दो पहिया वाहनों के फिसलने का खतरा बना रहता है। मजे की बात यह है कि सड़क के नाम करण को लेकर तो लोग झगड़ रहे हैं, किसी को इस बात की जरूरत महसूस नहीं हो रही कि इस सड़क को दुरूस्त करने के लिए भी आवाज उठाए। इस सड़क को लेकर नगर पालिका के हाल में सामने आए कुबूलनामे में एक बात और सामने आई। वो ये कि नगर पालिका का सीमा क्षेत्र पुरानी चुंगी, यानि समय स्थिति गांधी कॉलोनी बारात घर तक है। पिछले दिनों जब इस सड़क की खस्ता हाल की शिकायत की जाती रही तो पालिका इसे लोक निर्माण विभाग की सड़क बताकर पल्ला झाड़ती रही। गुरूनानक देव मार्ग के नामकरण के प्रस्ताव में इस सड़क को गांधी कॉलोनी बारातघर तक नगर पालिका के क्षेत्र में माना गया है। इस सड़क से दिन भर और रात तक काफी आवागमन रहता है। इसके अलावा भी शहर में अनेक स्थान ऐसे हैं जहां के लोगों को इस बात का दुख है कि महामहिम का उनकी ओर कोई कार्यक्रम नहीं बना। क्षेत्र के लोग उम्मीद कर रहे हैं कि अभी तक लावारिस पड़ी इस सड़क को लेकर शायद अब पालिका कोई उपाय करे ताकि क्षेत्र के लोगों की दिक्कतों का समाधान हो सके।

राजस्थान पुलिस का जिला परिषद मार्किट स्थित महालक्ष्मी मेडिकल एजेन्सी पर छापा, मालिक गिरफ्तार

❑प्रतिबंधित दवाओं के मामले में पुलिस ने ज़िला परिषद मार्किट आकर भी की जांच पड़ताल

मुज़फ़्फ़रनगर, 12 मई (बु.)। प्रतिबंधित दवाओं के मामले में राजस्थान पुलिस ने गुरूवार को नसीरपुर में छापा मारकर एक स्टोर मालिक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी को लेकर जांच करने ज़िला परिषद मार्किट भी पहुंची। कुछ देर की जांच पड़ताल के बाद टीम वापस लौट गई।

प्रतिबंधित दवाओं की ब्रिकी को लेकर राजस्थान पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर रखी है। विवेचना के दौरान मुजफ्फरनगर के नसीरपुर निवासी एक मेडिकल स्टोर मालिक का नाम आया। उसी आधार पर राजस्थान पुलिस ने गुरूवार को छापा मारकर स्टोर मालिक को हिरासत में ले लिया। आरोपी के बयान के आधार पर राजस्थान पुलिस ज़िला परिषद मार्किट पहुंची, तो हड़कंप मच गया। पुलिस ने महालक्ष्मी मेडिकल एजेंसी के स्वामी से बातचीत की। बातचीत के बाद राजस्थान पुलिस वापस लौट गई। दवा एसोसिएशन से जुड़े रविंदर निर्वाल के मुताबिक पुलिस सिर्फ जांच के लिए यहां आई थी। यहां से कुछ भी नहीं मिला है। उधर राजस्थान पुलिस का कहना है कि उनके यहां एक एनडीपीएस में मुकदमा दर्ज हुआ था। उसकी तफ्तीश चल रही है। मुजफ्फरनगर से प्रतिबंधित सप्लाई होना पाया गया है। इसी आधार पर एक आरोपी को पकड़ा गया है। यहां कुछ मिला नहीं है। आरोपी को शिनाख्त के लिए यहां लाया गया था।

पूजा मैडिकोज पर नहीं बल्कि महालक्ष्मी मैडिकल एजेन्सी पर लगा था छापा

मुजफ्फरनगर, १२ मई (बु.)। जिला परिषद मार्किट में राजस्थान से पहुंची छापामार टीम तो पूजा मैडिकोज के स्वामी ने महालक्ष्मी मैडिकल एजेन्सी पर आई टीम के अधिकारियों को सम्मान सहित अपनी दुकान पर बैठने के लिए कह दिया। ऐसे में जब मीडियाकर्मी जिला परिषद बाजार पहुंचे तो सबको यही एहसास हुआ कि छापामारी पूजा मैडिकोज पर ही हुई है और एक बार के लिए पूजा मैडिकोज की सूचना ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गयी, मगर बाद में जिला परिषद बाजार के व्यापारियों ने बताया कि पूजा मैडिकोज पर तो अधिकारियों को सत्कार हेतु बैठाया गया था मगर छापा तो महालक्ष्मी मेडिकल एजेन्सी पर लगा था। बाद में आमजन को भी यह स्पष्ट हो गया कि छापा पूजा मैडिकोज पर नहीं बल्कि महालक्ष्मी मैडिकोज पर लगा था।

युवक की छेड़खानी से परेशान किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

❑किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध दर्ज किया मुकदमा

कैराना, १२ मई (बु.)। गांव खंद्रावली में युवक द्वारा परेशान करने पर १६ वर्षीय किशोरी ने अपने मकान के कमरे में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया। बाद में मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

गांव बीनड़ा निवासी १६ वर्षीय किशोरी का पिता व भाई कंडेला चम्मच फैक्ट्री में काम करते हैं, जबकि किशोरी की मां की करीब १२ साल पहले मौत हो गई थी। बुधवार शाम किशोरी का पिता व भाई कंडेला फैक्ट्री में थे और किशोरी घर पर अकेली थी। बुधवार शाम करीब ७ बजे किशोरी के पिता ने अपनी बेटी के पास फोन किया, तो उसने फोन नहीं उठाया, जिस पर उसने अपनी भतीजी को अपने घर भेजा। जैसे ही भतीजी किशोरी के घर पहुंची, तो देखा कि कमरे का दरवाजा अंदर से बंद है। उसने खिड़की से अंदर झांककर देखा, तो उसकी चीख निकल गई। किशोरी ने छत के पंखे में दुपट्टे से फांसी लगा रखी थी। बाद में किशोरी का पिता व भाई घर पहुंचे और डायल-१९२ पर सूचना दी। सूचना पर कैराना पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे के गेट के झीरी से अंदर की कुण्डी खोली और किशोरी के शव को पंखे से उतारा। बाद में पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया। बृहस्पतिवार सुबह किशोरी के पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि पिछले साल उसकी बेटी खंद्रावली के बाबू जवान सिंह इंटर कॉलेज में कक्षा ९ में पढ़ती थी। उनके गांव का ही कपिल कश्यप उसकी बेटी के साथ छेड़खानी करता था। युवक से परेशान होकर उसकी बेटी ने पढ़ाई छोड़ दी थी। घटना से कुछ देर पहले भी आरोपी कपिल ने उसकी बेटी के मोबाइल पर फोन करके परेशान किया था, जिस कारण उसने आत्महत्या कर ली। मामले में कोतवाली प्रभारी अनिल कप्परवान ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर आरोपी कपिल कश्यप निवासी गांव बीनडा के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने व एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

देवेन्द्र सिंह चौहान बने उत्तर प्रदेश के कार्यवाहक डीजीपी

लखनऊ, १२ मई (एजेंसी)। लापरवाही के कारण मुकुल गोयल को डीजीपी के पद से हटाये जाने के बाद देवेंद्र सिंह चौहान को यूपी का कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया हैं। इसके अलावा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ओएसडी भी बदले गए हैं। अभिषेक कौशिक की जगह श्रवण बघेल नए ओएसडी बनाए गए हैं। मुकुल गोयल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नाराजगी के बाद बुधवार रात को उनके पद से हटा दिया गया था। गोयल को शासकीय कार्यों की अवहेलना, विभागीय कार्यों में रुचि न लेने और अकर्मण्यता के आरोप में उनको पद से हटाया गया। गोयल पर कार्रवाई के पीछे हाल के दिनों की घटनाएं बड़ी वजह मानी जा रही हैं। गोयल को पिछले साल एक जुलाई को तत्कालीन डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी की सेवानिवृत्ति के बाद डीजीपी बनाया गया था।

बुल्डोजर के पंजे से बचने को व्यापारियों ने खुद ही हटाना शुरू किया अतिक्रमण

खतौली, १२ मई (बु.)। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की सख्ती को भांपते हुए बुल्डोजर के पंजे के वार से बचने हेतु बाजारों के दुकानदारों द्वारा स्वयं ही दुकानों के बाहर लगे छप्पर–टीन शेड सहित अस्थाई अतिक्रमण हटाने की होड़ मची दिखाई देने लगी है। मिली जानकारी के अनुसार शासन के निर्देशानुसार नगर के व्यापारियों के साथ हुई बैठक में उपजिलाधिकारी द्वारा ईद के पर्व द्वारा नगर के बाजारों से अतिक्रमण हटाओ अभियान प्रारम्भ किये जाने पर सहमति बनी थी, जिसके तहत ईद पर्व के पश्चात विधिवत गत दिवस रेलवे रोड से उपजिलाधिकारी जी सिंह राय के नेतृत्व में भारी पुलिस बल की मौजूदगी में पालिका परिषद कर्मचारियों द्वारा अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही से रेलवे रोड के दुकानदारों में खलबली मची दिखाई दी। वहीं जानसठ रोड सहित अन्य बाजारों में अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों व भवन मालिकों के चेहरों पर चिंता की झलक दिखाई देने लगी। अभियान के दौरान बिना किसी पक्षपात के उप–जिलाधिकारी के इरादों को भांपते हुए बुल्डोजर के पंजे से बचने के लिए गुरूवार को जानसठ रोड स्थित जी.टी. रोड व अन्य बाजारों में दुकानदारों द्वारा प्रातःकाल से अपना अवैध कब्जा हटाने में होड बने रहने का सिलसिला प्रारम्भ होता दिखाई दिया, वहीं अनेक दुकानदारों द्वारा तो मजदूरों के द्वारा सड़क पर किया गया स्थाई अतिक्रमण तोड़ने का सिलसिला शुरू कर दिया गया है। लोगों में चर्चा है कि अभियान के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों के इरादों को भांपते हुए बुल्डोजर के पंजे से होने वाली भारी क्षति से बचने के लिए अधिकांश अतिक्रमण करने वालों द्वारा स्वयं ही अतिक्रमण को हटाते हुए समझदारी की पहल की है। वहीं दूसरी ओर प्रशासन के सख्ती से चलाये गये अभियान के साथ–साथ अतिक्रमण कर्ताओं द्वारा स्वयं अतिक्रमण हटाये जाने की पहल किये जाने से अब नगर के बाजारों का जहां नजारा ही अलग दिखाई देने लगा है। वहीं सड़कों पर यातायात जाम की स्थिति पर भी विराम लगता दिखाई देने लगा है।

कोल्हू संचालकों को बिजली विभाग के उत्पीड़न से बचाने की मांग

मुजफ्फरनगर, १२ मई (बु.)। दी गुड खांडसारी एंड ग्रेन मर्चेंट्स एसोसिएशन ने नलकूप कनेक्शनों पर कोल्हू चलाने की अनुमति को प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग को लेकर ऊर्जा राज्यमंत्री को ज्ञापन दिया। एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय मित्तल व महामंत्री श्याम सिंह सैनी ने १६ दिसंबर २०१६ को पावर कॉरपोरेशन के मुख्य अभियंता वाणिज्य एवं ऊर्जा ने एक आदेश जारी कर नलकूप कनेक्शन पर कोल्हू लगाने की अनुमति देने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि इस आदेश का सही ढंग से पालन नहीं हो रहा है। इससे कोल्हू का कुटीर उद्योग प्रभावित हो रहा है। मेन रोड पर लगे कोल्हुओं से विजिलेंस द्वारा एक से तीन लाख रुपये अवैध रूप से वसूले जाते हैं। कई–कई लाख रुपये जुर्माना उन पर ठोंक दिया जाता है। उन्होंने सुझाव दिया है कि कोल्हुओं से एक मुश्त पैसा जमा कराकर उन्हें सीजन भर के लिए बिजली के प्रयोग की अनुमति दी जानी चाहिए ताकि किसानों और कोल्हुओं को उत्पीड़न से बचाया जा सके।

जिला कारागार में उद्यमी भीम कंसल व श्रेय गोयल को सम्मानित करती राज्यपाल।

कंसल और गोयल का किया सम्मान

मुज़फ़्फ़रनगर, 12 मई (बु.)। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने ज़िला कारागार में बंदियों की सेवा में अहम भूमिका निभाने वाले समाजसेवी भीम कंसल और राउंड टेबल संस्था के श्रेय गोयल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। महिला बंदियों के साथ रहने वाले बच्चों के लिए बनाया गया क्रेच राउंड टेबिल संस्था के सहयोग से बनकर तैयार हुआ है, जिसमें बच्चों के लिए खेल-खिलौने के साथ उनकी बौद्धिक विकास की व्यवस्था की गई है। उद्योगपति भीम कंसल और श्रेय गोयल ने इसके लिए आभार जताया है।

नाहिद हसन की जमानत पर नहीं हुई सुनवाई

कैराना, १२ मई (बु.)। गैंगस्टर व अमानत में खयानत के दो मुकदमो में जेल में बंद सपा विधायक नाहिद हसन की हाई कोर्ट में जमानत पर सुनवाई नही हुई। एक मुकदमें में शुक्रवार (आज) की तारीख लगाई गई, जबकि गैंगस्टर का मुकदमा अभी सुनवाई की लिस्ट में शामिल नहीं किया गया। फरवरी २०२१ में तत्कालीन कोतवाली प्रभारी प्रेमवीर राणा ने सपा विधायक नाहिद हसन व उनकी माता तब्बसुम बेगम सहित ४० लोगों के विरूद्ध गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया था। १५ जनवरी २०२२ को पुलिस ने नाहिद हसन को गिरफ्तार करके एमपीएमएलए कोर्ट में पेश किया था, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में मुजफ्फरनगर जेल भेज दिया था। नाहिद हसन के अधिवक्ता ने कैराना स्थित एमपीएमएलए कोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी, जिसे न्यायाधीश ने खारिज कर दिया था, जिसके बाद नाहिद हसन के अधिवक्ता ने हाईकोर्ट की शरण ली थी। इसके अलावा २०१६ में झिंझाना थाना क्षेत्र के गांव खेड़ी खुशनाम निवासी महिला ने भी नाहिद हसन के विरूद्ध अमानत में खयानत का मुकदमा दर्ज कराया था। बृहस्पतिवार को हाई कोर्ट में नाहिद हसन पर अमानत में खयानत के मुकदमें में जमानत पर सुनवाई होनी थी, लेकिन सुनवाई नहीं होने के कारण उन्हे शुक्रवार (आज) की तारीख दी गई है, जबकि गैंगस्टर के मुकदमें की तारीख अभी तक लिस्ट में नहीं आयी है।

कार व ई रिक्शा की टक्कर में एक दर्जन घायल

भोपा, 12 मई (बु.)। मोरना-शुक्रताल मार्ग पर कार व ई-रिक्शा की भिड़न्त में एक दर्जन महिलाओं सहित ई-रिक्शा चालक घायल हो गया। घायलों को मोरना व भोपा के सरकारी अस्पताल में पहुंचाया गया, जहाँ से गम्भीर हालत के चलते दो महिलाओं को जिला चिकित्सालय रैफर किया गया है। पुलिस घटना की जाँच में जुट गयी है। ककरौली थाना क्षेत्र के गाँव भुवापुर निवासी बिजेन्द्र अपनी ई-रिक्शा को शुक्रताल खादर में लेकर गया था, जहाँ फार्म हाऊस में मजदूरी करने वाली अपने ही गाँव निवासी महिला दिनेश, सुरजो, सोमवती, विमलेश, बबली, रीना, सविता, मंगलेश, विनेश, शोभा, शकुन्तला को लेकर वापस लौट रहा था कि जैसे ही वह मोरना मार्ग पर पहुँचा तभी सामने से आ रही कार ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। वहीं कार सवार ग्रेटर नोएडा निवासी जयवीर त्यागी, विकास, मंजुबाला शुक्रताल में मन्दिर के दर्शन करने जा रहे थे। टक्कर लगने से ई-रिक्शा में सवार सभी लोग घायल हो गये। भीषण टक्कर लगने से सड़क पर चीख पुकार मच गई। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने घायलों को ई-रिक्शा से निकाला तथा एम्बुलेंस की सहायता से सरकारी अस्पताल पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल बिजेन्द्र, सोमवती, सूरजमुखी, शकुंतला को भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया, जहां से उन्हें जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया। बाकी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोरना से उपचार के उपरान्त घर भेज दिया गया, वहीं कार सवार ग्रेटर नोएडा निवासी वृद्धा मंजुबाला को गम्भीर हालत के चलते जिला चिकित्सालय रैफर किया गया। सूचना पर पहुंची भोपा पुलिस ने घटना की जानकारी कर जांच शुरू कर दी है।

चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम

भोपा, 12 मई (बु.)। ककरौली क्षेत्र में ट्यूबवैल चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। बुधवार-गुरुवार की मध्य रात्रि चोरों ने ककरौली-निवादा गाँव के जंगल में चार ट्यूबवैल में चोरी कर पुनः सनसनी फैला दी है। किसानों ने पुलिस पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की माँग की है। ककरौली थाना क्षेत्र के गाँव निवादा व ककरौली के जंगल में चोरों ने चार सबमर्सिबल ट्यूबवैल के कमरों का ताला तोड़कर कीमती सामान को चुरा लिया व अन्य सामान को खुर्द-बुर्द कर दिया। बेहड़ा सादात निवासी किसान समयसिंह, अब्दुलहक व मा. इकबाल तथा निवादा निवासी बशीर ने बताया कि गुरूवार की सुबह जब वह खेतों पर सिंचाई के लिये गये तो ट्यूबवैल के कमरे का ताला टूटा पाया। चोरों ने ट्यूबवैल के स्टार्टर, कटआउट सहित कीमती केबल को काटकर चोरी कर लिया व वहाँ रखे अन्य सामान को खुर्द-बुर्द कर दिया। किसानों ने बताया कि उनके जंगल में अनजान सन्दिग्ध बाइक सवार इधर-उधर चक्कर लगा रहे हैं। पीड़ित किसानों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की माँग पुलिस से की है।

गंभीर अवस्था में मेरठ रेफर

जानसठ, १२ मई (बु.)। काटका गांव में बीती रात एक व्यक्ति को सोते समय गला रेतकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने उसे गंभीर हालत में सीएचसी में भर्ती कराया है, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए पहले जिला अस्पताल, फिर मेरठ रेफर कर दिया। गांव काटका निवासी इंतजार पुत्र सुक्का अपने घेर में खाट डालकर बाहर सोया था। रात में उसके पड़ौसी दो अन्य को लेकर उसके घेर में आये और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसने विरोध किया, तो उसके गले को घारदार हथियार से रेत कर गंभीर घायल कर दिया। बदमाश उसको मरा समझकर वहां से फरार हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से पहले उसको जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाद में उसे मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया। एसएसआई बीरबल सिंह ने बताया कि इंतजार की अपने पडौसी से किसी बात को लेकर पुरानी रंजिश चली आ रही है। पीड़ित ने दो को नामजद कराते हुए तीन के खिलाफ तहरीर दी है। तहरीर की जांच कर मुकदमा दर्ज किया जायेगा। साथ ही आरोपितों को जल्द ही गिरफ्तार किया जायेगा।

रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ के मामले में कोर्ट में पेश हुए आरोपी

मुज़फ़्फ़रनगर, 12 मई (बु.)। नई मंडी थाना क्षेत्रा में भोपा पुल के नीचे स्थित एक रेस्टोरेंट में फरवरी 2003 को वेलेंटाइन-डे के अवसर पर अलग-अलग समुदाय के प्रेमी-युगल को एकांत में बैठा देख क्रांति सेना के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उक्त रेस्टोरेंट में जमकर तोड़फोड़ की थी। सूचना पर पहुंची नई मंडी थाना पुलिस ने क्रांति सेना पदाधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दो कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि अन्य नामजद आरोपी तभी से फरार दिखाए गए थे। सुनवाई के दौरान मामले में नामजद क्रांति सेना के महानगर अध्यक्ष देवेंद्र चौहान, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अनुज चौधरी, भुवन मिश्रा, ललित रुहेला और संजय सैनी के खिलाफ कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी कर दिए थे। इसके चलते बृहस्पतिवार को सभी पदाधिकारी कोर्ट में पेश हुए, जहां देर शाम सभी को जमानत दे दी गई। इस दौरान क्रांति सेना अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा, प्रदेश महासचिव मनोज सैनी, राजेश कश्यप, आलोक अग्रवाल, लोकेश सैनी, बसंत कश्यप, उज्ज्वल पंडित, शैलेंद्र विश्वकर्मा, कमलदीप, टीकम सिंह, रामकुमार आदि मौजूद रहे।

सफाई नायक पर शोषण का आरोप

शामली, 12 मई (बु.)। सफाई कर्मचारियों ने गुरूवार को ईओ को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाहक सफाई नायक जितेन्द्र चंद्रा पर सफाई कर्मचारियों का शोषण किए जाने का आरोप लगाया है। उन्होने मामले में जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। सफाई कर्मचारी प्रमोद, संजीव, पुनित ने गुरूवार को ईओ नगर पालिका को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि वार्ड 4 के कार्यवाहक सफाई नायक जितेन्द्र चंद्रा द्वारा कार्यरत सफाई कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है, जिनके व्यवहार को देखते हुए पूर्व में कई सफाई कर्मचारी अपना स्थानांतरण करा चुके हैं। वर्तमान में भी उनके द्वारा ट्रैक्टर ड्राईवर प्रमोद चावला पर अनावश्यक कार्य थोपा गया। विरोध करने पर माह अप्रैल में अनुपस्थिति दिखाकर वेतन काटने का प्रयास लिया गया।

प्रधानपति के खिलाफ क्षेत्र पंचायत सदस्य धरने पर बैठा

कांधला, 12 मई (बु.)। गांव प्रधानपति के द्वारा क्षेत्र में विकास कार्य न कराए जाने तथा अभद्रता ओर गाली गलौच का आरोप लगाते हुए क्षेत्र पंचायत सदस्य अपने समर्थकों के साथ विकास खण्ड परिसर में धरना देकर बैठ गया। बाद में एमएलसी व खण्ड विकास अधिकारी के बाद क्षेत्र पंचायत सदस्य का धरना समाप्त हुआ। गुरूवार को विकास खण्ड परिसर में क्षेत्र पंचायत सदस्य अकरम सैफी अपने दर्जनों समर्थकों के साथ पहुंचा तथा विकास खण्ड कार्यालय के बाहर दरा बिछाकर धरने पर बैठ गया। क्षेत्र पंचायत सदस्य का आरोप है कांधला देहात के अंदर पड़ने वाली मुस्तफाबाद, जनन्त व हमजा कॉलोनी के साथ-साथ चन्दन लाल नेशनल इंटर कॉलेज के पास बने कब्रिस्तान, दलित समाज के श्मशान, जैन बाग व हजरत मौलाना कामिल की कब्र के पास के इलाकों में पानी की निकासी की सही व्यवस्था ना होने के कारण सब जगह पानी भर गया है तथा उक्त स्थान ने नहर का रूप ले लिया है। अगर कोई व्यक्ति प्रधान के पास कार्य लेकर जाता है, तो वहां प्रधानपति चमन सिद्दीकी सबके साथ अभद्रता तथा गाली गलौंच करते हुए पैसों से वोट खरीदने की बात कहते हुए काम कराने से मना कर देता है। आरोप है कि प्रधानपति द्वारा कांधला देहात में जनता द्वारा चुने अन्य जनप्रतिनिधियों की अपेक्षा कर रहा है तथा सरकार के द्वारा चलाई जा रही गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं को भी क्षेत्र में लागू नहीं करवा रहा है, जिससे सरकार के द्वारा चलाई गए मुहिम सबका साथ सबका विकास कांधला देहात में विफलता की और अग्रसर हो चली है। प्रदर्शन करने वालों ने सभी कॉलोनियों में सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति टूटी हुई सड़कों का पुनः निर्माण के साथ अन्य मांगों का एक शिकायती पत्र खण्ड विकास अधिकारी सुनील कुमार को सौपा। इसी दौरान खण्ड विकास में पहुंचे एमएलसी विरेन्द्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख डॉ. विनोद मलिक व खण्ड विकास अधिकारी ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को सभी समस्याओं का निस्तारण कराए जाने के बाद धरना समाप्त कराया, वहीं मामले को लेकर प्रधानपति चमन सिद्दीकी का कहना है कि उनके ऊपर लगाए गए सभी आरोप निराधार तथा राजनीति से प्रेरित है। उनके द्वारा क्षेत्र पंचायत सदस्य के द्वारा लगाए गए सभी आरोपों का खण्डन किया है। प्रदर्शन करने वालों में अकरम सैफी, रिजवान, इस्लामुद्दीन, फरमान, नावेद, अनस, आहद, हाकम, शाहरूख, आसिफ, शाहिद, इरशाद, शकील, सलीम, शमीम के साथ दर्जनों लोग मौजूद थे।

भगवान श्रीराम और कृष्ण का जन्म हर्षोल्लास के साथ मनाया

मुजफ्फरनगर, १२ मई (बुस.)। अंकित बिहार स्थित देवी मंदिर के निकट चल रही श्रीमद्भागवत कथा में भगवान श्रीराम और कृष्ण का जन्म हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कथा व्यास पंडित अखिलेश मिश्रा में भगवान राम के जीवन से मर्यादा की प्रेरणा कृष्ण के जीवन से कर्म की प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए कथा व्यास ने कहा कि कृष्णा आकर्षण को कहते हैं धर्म के प्रति भक्त आकर्षित हो, कृष्ण का जन्म ही साधु–संतों उतारने के लिए, दुष्टों का विनाश करने के लिए और सबसे महत्वपूर्ण धर्म की रक्षा के लिए होता है। आज कथा का शुभारंभ खाटू श्याम श्री महाकाल अखाड़ा के महामंडलेश्वर संजीव शंकर जी महाराज ने किया। महाराज श्री ने कहा कि आज आवश्यकता धार्मिक कार्यों की है। परिवार में सभी को यथा योग्य मंदिरों में जाना चाहिए, मंदिरों की उपेक्षा धर्म को क्षीण कर रही है, हमारे पूजा स्थलों पर व्यक्तियों का काम मशीनों से लिया जा रहा है। आवश्यकता निरंतर मंदिर में जाने की है, जिससे धर्म का स्वरूप सुरक्षित रहे। कथा में मुख्य रूप से अमरीश त्यागी, शुभम त्यागी, सचिन वर्मा , डॉ. सुदेश, प्रशांत, मोहित शर्मा, इंद्रजीत शर्मा, जितेंद्र चौधरी, नरेन्द्र त्यागी, शकुंतला त्यागी इत्यादि उपस्थित रहे।

रिश्वत लेने की बात स्वीकार करने वाला कानूनगो हुआ सस्पेंड

बुढ़ाना, १२ मई (बु.)। एक पीड़ित वृद्ध किसान से रिश्वत लेने के बाद भी तहसील के चक्कर कटाने वाला कानूनगो वीडियो वायरल होने के बाद एसडीएम बुढ़ाना अरुण कुमार श्रीवास्तव की संस्तुति पर डीएम चंद्र भूषण सिंह द्वारा तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया। डीएम की इस कार्रवाई से अन्य कर्मचारियों में हड़कम्प मचा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार आज तीन वीडियो वायरल हुए, जिसमें तहसील बुढ़ाना के कानूनगो ब्रह्म सिंह और लेखपाल विपिन सिंह कसेरवा गाँव के वृद्ध किसान जिलेदीन से रिश्वत लेने की बात स्वीकार करते हुए और रिश्वत दिए जाने की बात कर रहे हैं। यह कानूनगो एक अन्य दूसरे आदमी से भी खुली रिश्वत मांगने की बात कहता दिखाई दे रहा है। वीडियो वायरल हुई, तो मामला भारतीय किसान यूनियन की तरफ से बुढ़ाना एसडीएम अरुण कुमार श्रीवास्तव के दरबार में पहुंचा, तो उन्होंने तीनों वीडियो को ध्यान से देखकर इस बारे में जिलाधिकारी चंद्र भूषण सिंह को बताया, तो उन्होंने उक्त तीनों वीडियो का संज्ञान लेते हुए तत्काल प्रभाव से आरोपी कानूनगो को सस्पेंड कर दिया और लेखपाल विपिन कुमार के खिलाफ जांच बैठा दी। बताया जाता है कि उक्त सस्पेंड होने वाला कानूनगो इससे पहले भी रिश्वत के मामले में ही दो बार सस्पेंड हो चुका है।

शराब ठेकों के विस्तार पर आबकारी आयुक्त ने की चर्चा

मुजफ्फरनगर, १२ मई (बु.)। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश द्वारा वर्चुअली, जनपद के जिला आबकारी अधिकारी एवम आबकारी निरीक्षकों एवम बार अनुज्ञापियों के साथ मीटिंग की गयी। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश द्वारा वर्चुअली, जनपद के जिला आबकारी अधिकारी एवम आबकारी निरीक्षकों एवम बार अनुज्ञापियों के साथ मीटिंग की गयी। मीटिंग जनपद में होम बार लाइसेंस एवम बार लाइसेंस लेने के लिए इच्छुक व्यक्तियों से संपर्क करते हुए उन्हें प्रेरित करें। माइक्रो ब्रेवरी के लिए इच्छुक लोगों को आमंत्रित करें। उत्तर प्रदेश आबकारी (बार लाइसेंस स्वीकृति पहला संशोधन २०२२) के तहत वैयक्तिक बार एवम वैयक्तिक होम बार के लाइसेंस को इज ऑफ डूइंग बिजनेस की नीति अपनाते हुए सरल किया गया। अब बार के लिए आवश्यक व्यापारिक लाइसेंस की जरूरत को समाप्त किया गया। पहले बार हेतु निर्धारित २०० वर्ग मीटर कुर्सी क्षेत्र को कम करते हुए अब मात्र १०० वर्ग मीटर निर्धारित किया गया है। पहले बार मे ४० व्यक्तियों के बैठने की जगह होना अनिवार्य था जिसे अब ३० व्यक्तियों की सीमा तक लाया गया। पहले बार के लिए जिस भवन का चुनाव होता था उसके लिए प्रमाण पत्र एवम शपथ पत्र देना पड़ता था उसे सरल करते हुए अब नक्से की सत्यापित प्रति को ही पर्याप्त माना जाएगा। उन्होंने बताया कि बार अनुज्ञापनों का नवीनीकरण वित्तीय वर्ष समाप्ति के दो माह पहले आवेदन करने का प्रावधान था जिसे अब एक माह पूर्व किया गया। वैयक्तिक होम बार लाइसेंस को सिर्फ आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश से आदेश प्राप्त होने पर ही निरीक्षण किये जाने का प्रावधान किया गया। इस प्रकार आबकारी विभाग द्वारा वैयक्तिक बार एवम वैयक्तिक होम बार लेने में आ रही कठिनाईयों को देखते हुए सरल करने का प्रयास किया जा रहा है जिससे आसानी से अधिक से अधिक बार एवम होम बार खोले जा सकें।

कहां सोया है प्रदूषण विभाग, लोग बेहाल

-फैक्ट्रियों से निकलने वाले धुएं के कारण आसपास काम करना दूभर

जानसठ, १२ मई (बु.)। प्रदूषण विभाग को शायद जानसठ के पास सालारपुर क्षेत्र दिखाई नहीं दे रहा है। फैक्ट्रियां बेखौफ होकर प्रदूषण फैलाकर लोगों का रहना दूभर किए हुए हैं, लेकिन शायद प्रदूषण विभाग को इससे कोई लेना देना नहीं है। सालारपुर गांव के पास टायरों से तेल निकालने वाली कई फैक्ट्रियों के साथ कई लोहा गलाने वाली फैक्ट्रियां भी संचालित हो रही हैं, जिनमें से अधिकतर में प्रदूषण विभाग के मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। इन फैक्ट्रियों से निकलने वाला धुआं लोगों के लिए मुसीबत का कारण बना हुआ है, लेकिन शायद प्रदूषण विभाग को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। प्रदूषण विभाग के अधिकारी लगातार इनकी अनदेखी कर रहे हैं, जिसके चलते यह वातावरण में जहर घोल रहे हैं। इनसे निकालने वाले बदबूदार धुएं के कारण लोगों का आसपास के क्षेत्रों में काम करना भी दुभर हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार आसपास के गांवों तक टायर जलाने की बदबू फैलती है, तो घरों में रहना भी कठिन हो जाता है। आसपास की खेती में खड़ी फसल पर कालस जमने के कारण फसलें खराब हो रही हैं। सड़कों पर चलने वाले लोगों को भी इस धुएं से निकला कठिन हो रहा है। दुपहिया वाहन चालकों की आंखों में इस धुएं के कारण जलन हो रही है, लेकिन इन सब पर शायद प्रदूषण विभाग को कोई फर्क नहीं पड़ता है। कई बार शिकायत के बाद भी इन पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है, जिससे आसपास के ग्रामीणों में रोष बना हुआ है। प्रदूषण विभाग के अधिकारियों से इस बारे में बात करनी चाही, तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

ईंट पथाई दर 700 रुपये प्रति हजार करने की डीएम से मांग

शामली, 12 मई (बु.)। डीएम कार्यालय में गुरूवार को दिए ज्ञापन में कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा घोषित मजदूरी दर का पालन न होने से भट्ठा मजदूरों का शोषण हो रहा है। बढ़ती महंगाई में परिवार का पालन पोषण नहीं हो पा रहा है। ऐसी दशा में भट्ठा मजदूर भुखमरी की कगार पर पहुंच चुके हैं, जिसके संबंध में सहारनपुर मंडलायुक्त को भी शिकायत की गई थी, लेकिन आदेशों के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि भट्ठा मालिक गारा मशीन लगाकर मजदूरों की मजदूरी काट रहे हैं। मजदूरी गजट के अनुसार रेट नहीं दिया जा रहा। उन्होंने मामले में जांच कराकर प्रदेश सरकार द्वारा घोषित मजदूरी रेट दिलवाये जाने की मांग की है। इस अवसर पर बाबूराम कॉमरेड, प्रदीप कुमार, कुलदीप कुड़ाना, प्रेमसागर, सुभाष आदि मौजूद रहे।

आंखों का निःशुल्क विशाल कैंप आयोजित किए जाने के संबंध में बैठक हुई सम्पन्न

मुजफ्फरनगर, १२ मई (बुस.)। पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के २३ वे स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर, १४ मई २०२२ को प्रातः ६:०० बजे से दोपहर १२ बजे तक, वर्धमान जैन धर्मशाला, निकट चौड़ी गली बिजलीघर, नई मंडी मुजफ्फरनगर पर, आंखों का निःशुल्क विशाल कैंप आयोजित किए जाने के संबंध में संगठन की कोर्डिनेशन की बैठक संगठन के कार्यालय, पर वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अमित गर्ग की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें सभी पदाधिकारियों को संबंधित व्यवस्थाएं सौंपी गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश वरिष्ठ प्रचार मंत्री अनिल कंसल, प्रदेश उपाध्यक्ष राधे श्याम विश्वकर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री हर्षवर्धन जैन, युवा प्रदेश महामंत्री जयवीर सिंह, जिला अध्यक्ष रामकुमार तायल, जिला महामंत्री संजय गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल, नगर अध्यक्ष नरेंद्र मित्तल, प्रदेश मंत्री ओमकार अहलावत, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यवीर वर्मा, नगर महामंत्री सुमित गर्ग, जिला युवा अध्यक्ष तरणजीत सिंह, जिला युवा महामंत्री मोहित मलिक, नगर युवा अध्यक्ष राजीव सिंघल, नई मंडी इकाई के अध्यक्ष प्रवीण जैन, इकाई अलमासपुर के अध्यक्ष शिवकुमार चौधरी एवं महामंत्री सुनील सैनी, प्रमोद गोयल, कमल किशोर गोयल, सौरभ नरूला, सपन गर्ग, अमित मित्तल, सोहन लाल गर्ग, विवेक कुचछल, नवीन मित्तल, आदि अनेक पदाधिकारियों ने अपनी व्यवस्थाओं/जिम्मेदारियों को सहर्ष स्वीकार किया और अपनी कार्य योजनाएं सुनिश्चित करने में लग गए।

एसडी इंजी. एण्ड टैक्नोलोजी में संस्कार भारती के सहयोग से "गायन प्रतियोगिता" कार्यक्रम आयोजित हुआ

मुजफ्फरनगर, १२ मई (बुस.)। एसडी कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी में संस्कार भारती के सहयोग से "गायन प्रतियोगिता" कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष संस्कार भारती के लक्ष्मीनगर विभाग प्रमुख डॉ. अ. कीर्तिवर्धन, निधि शर्मा व शिखा काम्बोज, विशिष्ठ अतिथि तथा प्रो. (डॉ.) एसएन चौहान, अधिशासी निदेशक, डॉ. ऐ.के. गौतम, प्राचार्य, डॉ. पी.के. पुन्डीर, प्रधानाचार्य (डिप्लोमा) ने दीप प्रज्जवलित करके किया। कार्यक्रम में संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्र/छात्राओं ने भारत देश की संस्कृति, अखंडता और एकता को गायन के माध्यम से प्रस्तुत किया। निधि शर्मा ने इस अवसर पर छात्र/छात्राओं को बताया कि जीवन में खुश और व्यस्त रहने के लिए संगीत सबसे अच्छा तरीका है। शिखा काम्बोज ने कहा कि संगीत योग की तरह है, जो हमेशा खुश रखता है। संस्था के अधिशासी निदेशक व संस्कार भारती के जिला अध्यक्ष डॉ. एसएन चौहान ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय संगीत प्राचीन काल से ही भारत में काफी लोकप्रिय है। डॉ. चौहान ने आगे बताया कि मैं संगीत के प्रति प्रतिबद्ध हूँ और इसे सुनता हूँ। संगीत मेरे स्वस्थ और सुखी जीवन का एक हिस्सा है। कालिज के प्राचार्य डॉ. ए.के. गौतम ने गायन प्रतियोगिता के अवसर पर गीत वो सुबह कभी तो आयेगी..... गाकर सभी स्त्रोताओं को अपनी मधुर वाणी से मंत्रमुग्ध कर दिया। गायन प्रतियोगिता में आस्था, प्रज्ञा, खुशी, यशी, तृप्ति, उर्वषी तथा प्रतीक ने अपने हिन्दी भाषाएं गीतों से सभी स्त्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन स्मृति व पीयूषी ने किया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. प्रगति शर्मा ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया व विजयी प्रतियोगियों की घोषणा की। इस अवसर पर डॉ. आरटीएस पुन्डीर, डॉ. वाई.के. शर्मा, इं. नीरज पुन्डीर, इं. अभिषेक राय, डॉ. नवीन द्विवेदी, जितेन्द्र कुमार, इं. मनोज झा, इं. मनोज गुप्ता, इं. अंकित गर्ग, संगिता अग्रवाल, इं. नितिन गुप्ता, इं. संजीव कुमार, इं. अमित गुप्ता, इं. मृदुल शर्मा, इं. पारूल गुप्ता, इं. पुनित गोयल, इं. निलाषु गुप्ता, राजेन्द्र कुमार, मुरसलीन रहमान, इं. अमिता ठाकुर, इं. मोनिका, इं. शिवानी, रिया तायल, आकृति शर्मा, आकांक्षा बंसल, धीरज, आकाश आदि उपस्थित रहे।

कार्यालय जिला कृषि अधिकारी, मुजफ्फरनगर

पत्रांक : 133/निविदा/पत्रा/2022-23 दिनांक :- 12/05/2022

अल्पकालीन निविदा सूचना

कृषि निवेश परिवहन एवं पल्लेदारी वित्तीय वर्ष 2022-23 जिला कृषि अधिकारी मुजफ्फरनगर कार्यालय हेतु कृषि निवेश परिवहन एवं पल्लेदारी वर्ष 2022-23 के लिए मुहरबन्द तकनीकी व वित्तीय निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक 18.05.2022 की प्रातः 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है । तकनीकी निविदायें दिनांक 18.05.2022 की अपरान्ह 2.00 बजे गठित कमेटी एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी कार्यालय (विकास भवन) में खोली जायेगी । मात्र उन्ही निविदादाताओं की वित्तीय निविदाओं पर विचार किया जायेगा, जो तकनिकी निविदा में अंकित नियम व शर्तों को पूर्ण करेंगे। निविदा प्रपत्र मुल्य अंकन रु. 2360.00 (अंकन रू. दो हजार तीन सौ साठ मात्र) प्रति निविदा होगा तथा इस पर देय जी.एस.टी. भी निविदादाता को स्वयं वहन करना होगा। निविदा प्रपत्र के साथ अंकन रू. 10500.00 (अंकन रूपये दस हजार पाँच सौ रूपये मात्र) अर्नेस्ट मनी अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट/एफ.डी. के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा करनी होगी। जमानत धनराशि अनुमानित लागत का 5 प्रतिशत जमा करायी जायेगी। अनुमानित कार्य लगभग रू. 8.00 लाख तक का होगा, जो कि घट बढ़ सकता है। निविदा फार्म तथा नियम शर्तें विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है

1973-2022

सम्पादक की क़लम से

न्यायालय की टिप्पणियाँ

आज़म ख़ान को लेकर उच्च न्यायालय ने जो टिप्पणियाँ की हैं, वे उन लोगों को निराश करने वाली हैं, जो अब भी उन्हें साहब कहते हैं। ताजमहल के कमरे खुलवाने की याचिका दायर करने वालों पर भी उच्च न्यायालय ने कड़ी टिप्पणी की है। वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद के मामले में भी न्यायालय ने मुस्लिम पक्ष की याचिका ख़ारिज कर दी। ताजमहल से जुड़ी एक याचिका पर प्रयागराज उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता को कड़ी फटकार लगाई। कहा कि जाकर पहले रिसर्च करिए। पढ़िए, एमए और पीएचडी करिए अगर कोई ऐसे विषय पर रिसर्च में दाखिला देने से मना करे, तब वह न्यायालय के पास आएं। न्यायालय ने साफ़ कहा, आप जनहित याचिका व्यवस्था का दुरुपयोग न करें। ताजमहल किसने बनवाया पहले जाकर रिसर्च करिए। अदालत ने यह भी सवाल उठाया कि क्या इतिहास याचिकाकर्ता के मुताबिक पढ़ा जाएगा? श्रीकृष्ण जन्मभूमि केस में प्रयागराज उच्च न्यायालय ने मथुरा के एक कोर्ट को निर्देश दिया है कि वह चार माह में सभी अर्जियों का निपटारा कर दे। ज्ञानवापी मस्जिद में सर्वे कराने के मामले पर अपने फैसले में कोर्ट ने कहा है कि तहखाने का भी सर्वे होगा। अगर ताला न खुले, तो वीडियोग्राफी के लिए उसे तोड़ा जा सकता है। कोर्ट के आदेश में सर्वे के समय में बदलाव किया है। अदालत के आदेश के मुताबिक, सर्वे सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा। अदालत ने कहा कि 17 मई तक राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन की मदद से सर्वे का काम पूरा कराया जाए। सर्वे पूरा होने के बाद इसकी रिपोर्ट कोर्ट को सौंपनी होगी। सभी पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिकाकर्ताओं की आपत्तियों को ख़ारिज कर दिया और कहा कि कोर्ट कमिश्नर अजय मिश्रा नहीं हटाए जाएंगे। इस मामले में सुनवाई के दौरान हिंदू पक्ष की तरफ से कहा गया था कि कोर्ट कमिश्नर अपना काम ईमानदारी से कर रहे हैं। मस्जिद के संपूर्ण भाग पर सर्वे कराने का आदेश देते हुए कोर्ट ने सर्वे के कार्य में बाधा पहुंचाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया। ज्ञानवापी मस्जिद में सर्वे कराने के मामले पर अपने फैसले में कोर्ट ने कहा है कि तहखाने का भी सर्वे होगा। इस मामले में अदालत के इस फैसले में ये बातें महत्वपूर्ण हैं। सर्वे के दौरान वादी, प्रतिवादी, एडवोकेट, एडवोकेट कमिश्नर और उनके सहायक व सर्वे से सम्बंधित और कोई नहीं होगा। कमिश्नर कहीं भी फोटोग्राफी के लिए स्वतंत्र होंगे। चप्पे-चप्पे की वीडियोग्राफी की जाएगी। ज़िला प्रशासन ताले को खुलवाकर या ताले को तुड़वाकर भी सर्वे कराएगा। डीजीपी और चीफ सेक्रेटरी मॉनिटरिंग करे। सर्वे पूरा कराने की व्यक्तिगत ज़िम्मेदारी डीएम, पुलिस कमिश्नर की होगी। ज़िला प्रशासन बहाना बनाकर सर्वे की कार्रवाई को टालने का प्रयास नहीं करेंगे। वाराणसी लोअर कोर्ट के फैसले पर ओवैसी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अब एक और मस्जिद नहीं खोना चाहते हैं। ओवैसी ने आगे कहा कि मैं मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड से अपील करूंगा कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का रूख करे। उधर आज़म ख़ान को लेकर उच्च न्यायालय द्वारा की गई टिप्पणी बहुत गम्भीर है, उस पर सभी नेताओं को ध्यान देना चाहिए। कोर्ट का कहना था कि याची ने सत्ता के नशे में धुत होकर अपने पद का दुरूपयोग किया। कोर्ट ने कहा, जमानत किसी भी आरोपी का अधिकार है और जेल अपवाद है। इसलिए जमानत देने में कोर्ट याची के बिगड़ते स्वास्थ्य, वृद्धावस्था और जेल में रहने की अवधि को ध्यान में रख रही है। याची 72 वर्ष का वृद्ध वरिष्ठ नागरिक है, जो बढ़ती उम्र के साथ होने वाली बीमारियों से ग्रसित है, जैसे हाइपर टेंशन व अन्य गंभीर परेशानियां। पूरे मामले को देखते हुए कोर्ट हैरान है और आश्चर्य व्यक्त करती है कि याची अपने सपनों को आगे बढ़ाने के लिए मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के नाम पर ठगी का कारोबार करता रहा। कोर्ट ने कहा कि केवल वस्तु ही पवित्र नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसके साधन भी सही और पारदर्शी होने चाहिए। यदि कैबिनेट मंत्री जैसा कोई व्यक्ति कपटपूर्ण आचरण करता है तो इससे जनता का विश्वास डगमगाता है और ड्रीम प्रोजेक्ट की पवित्रता खराब हो जाती है। कोर्ट ने विंस्टन चर्चिल का उद्धरण दिया। कहा कि विश्वविद्यालय का पहला कर्तव्य ज्ञान सिखाना है, व्यापारिक चरित्र नहीं। ऐसा लगता है कि आवेदक विश्वविद्यालय की स्थापना के भेष में व्यापार कर रहा है और परोक्ष तरीकों से एक ख़ाली संपत्ति को हथियाने के लिए तकनीकी का उपयोग कर रहा है। कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी उच्च लक्ष्य प्राप्ति के लिए साधन की पवित्रता पर बल दिया है। कोर्ट ने कहा कि याची ने धर्म की आड़ में अवैध रूप से भूमि हड़पने के लिए अपने आप को अलग रखा और उस संपत्ति को वक्फ संपत्ति में शामिल करा दिया। कोर्ट ने कहा कि एक व्यक्ति की नैतिकता की भावना उसकी शक्ति बढ़ने के साथ कम हो जाती है।यह सिद्धांत अभी भी सही है। पूर्ण शक्ति नैतिक रूप से व्यक्ति के स्वभाव को नष्ट कर देती है और उसे विनाशकारी अभिमान से भर देती है। कोर्ट ने कहा कि जो लोग सत्ता में होते हैं तो उनके मन में अक्सर लोगों का हित नहीं होता है। वे मुख्य रूप से स्वयं के लाभों पर केंद्रित होते हैं और स्वयं की मदद करने के लिए अपनी स्थिति या शक्ति का दुरूपयोग कर सकते हैं। वर्तमान मामले में भी याची एक कैबिनेट मंत्री रहा और शक्तिशाली व्यक्ति होने के कारण उसने विश्वविद्यालय स्थापित करने का सपना देखा, जिसमें वह एक व्यक्तिगत जागीर की तरह स्थायी कुलाधिपति रहा और इसके लिए वह सभी अवैध, ग़लत तरीकों को अपनाते हुए किसी भी हद तक चला गया। एक सार्वजनिक व्यक्ति होने के नाते याची के कंधों पर जिम्मेदारी का बोझ है और वह उन साधनों की ओर अपनी आंखें बंद करने का जोखिम नहीं उठा सकता है, जो उसने अपने उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए अपनाया है, जो कि अपराध के दायरे में आता है, जो लोग आज भी आज़म ख़ान को साहब कहते हैं, उन्हें कोर्ट की टिप्पणियों पर ग़ौर करना चाहिये।

चार मोती -सुनील 'उत्सव'

'राहें' 'जीवन' 'तरक़्क़ी' 'मन'

उल्टी, सीधी सच्ची राहें पहले भी थी अब भी हैं।
जीवन में बेकार की बातें पहले भी थी अब भी हैं।।
हमने खूब तरक़्क़ी की है, अच्छी सड़कें, ऊँचे मकाँ,
लोभी मन की काली बाहें, पहले भी थी अब भी हैं।

राज्यपाल का स्वागत करते केन्द्रीय राज्यमत्री संजीव बालियान व राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल व मॉडल्स का प्रदर्शन करती आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा उद्यमी सतीश गोयल को सम्मानित करती महामहिम। -फोटो बुलेटिन

आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लेने पर किया गया सम्मानित

-देश की भावी पीढ़ी की बेहतरी को आगे आने का आह्वान -उद्यमियों व अधिकारियों से आगे आने की अपील की

राज्यपाल ने जनप्रतिनिधियों को बताए नगर के मायने

मुजफ्फरनगर, 12 मई (बु.)। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरूवार को आयोजित कार्यक्रम में जनपद के जनप्रतिनिधियों को नगर के मायने समझाते हुए उस पर अमल किए जाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि वास्तव में नगर के तीन अक्षर न होकर न यानि नाली, ग यानि गटर और र यानि रोड से जुड़ा है, जिसके आधार पर आमजन की समस्याएं जुड़ी हैं। उन्होंने मंच के माध्यम से इस दौरान गांव से नगर पंचायत और नगर पालिकाओं में हर किसी को इस नगर की समस्याओं के भंवर जाल में फंसा होने के बीच इससे उभरने के टिप्स दिए, ताकि हर किसी की समस्या का समय रहते हल निकल सके। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने जनप्रतिनिधियों से बिना बजट के आंगनबाड़ी केंद्रों से स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक विद्यालयों तक बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खाने-पीने के लिए जागरूक रहने का आह्वान किया।

उनकी प्रेरणा करती नई ऊर्जा का काम, होगें सार्थक परिणाम : कपिल देव

मुजफ्फरनगर, 12 मई (बु.)। गुरूवार को जनपद के दो दिवसीय दौरे पर पहुंची प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिले की आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लेने के दौरान प्रदेश सरकार की ओर से प्रतिनिधित्व कर रहे नगर विधायक एवं राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल के रूप में महिलाओं के साथ प्रदेश के कुपोषित बच्चों की बेहतरी की दिशा में की गई अभिनव पहल की सराहना करते हुए इस दिशा में यह बड़ा काम बताया। उन्होंने कहा कि उनके आशीर्वाद से कुपोषित व अशिक्षित बच्चों के लिए उनकी प्रेरणा हमारे लिए नई ऊर्जा का काम करती है, जिसके आने वाले दिनों में ओर सार्थक परिणाम सामने आएंगे।

मेरठ-सहारनपुर यूनिर्वसिटी से जुड़ने की मिले छूटः डॉ. बालियान

मुजफ्फरनगर, 12 मई (बु.)। जिला पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान ने प्रदेश की राज्यपाल के जनपद दौरे पर अभिनन्दन करते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि उद्यमियों की वजह से आंगनबाड़ी केंद्रों में ओर बेहतर पहल होगी। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर राज्यपाल के आंगनबाड़ी केन्द्रों की पवित्र मंशा की सराहना करते हुए जनपद में शेष रहे अन्य आंगनबाड़ी केन्द्रों में सुधार का आश्वासन दिया। साथ ही केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. बालियान ने हाल में स्थापित शाकुम्भरी देवी विश्व विद्यालय और चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के बीच खतौली से सटे क्षेत्रों के डिग्री कॉलेजों को राहत दिए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि खतौली से मेरठ विश्वविद्यालय की दूरी मात्र 22 किमी है, ऐसे में जो कॉलेज जिस विश्वविद्यालय से जुड़ना चाहे, उसे उसी से जुड़ने की छूट मिल जाए तो क्षेत्र की बड़ी समस्या का हल होगा।

मुजफ्फरनगर, 12 मई (बु.)। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट स्थित जिला पंचायत सभागार में आंगनबाड़ी केन्द्रों को गोद लेने के संपन्न कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि देश की भावी पीढ़ी को स्वस्थ, शिक्षित एवं सबल बनाने के लिए स्वयं सेवी संस्थाओं के साथ अफसरों को आगे आने का भी आह्वान किया। गुरूवार को सभागार में उनकी अभिनव पहल पर जिला प्रशासन एवं आईसीडीएस के तत्वावधान में 75 आंगनबाडी केन्द्रों को गोद लिया गया। इस दौरान कार्यक्रम में आंगनबाडी केन्द्रों को सुविधा संपन्न कराने की दिशा में आगे बढ़ाया गया। इस दौरान राज्यपाल ने आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लेने वाली संस्था और उद्यमियों को सम्मानित किया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल गुरूवार को पंचायत सभागार में संपन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों को गोद लेने के कार्यक्रम में इस दौरान चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा 15 आंगनबाड़ी केन्द्रों को गोद लेने पर कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला और शाकुम्भरी देवी विश्वविद्यालय द्वारा 10 आंगनबाड़ी केन्द्रों को गोद लेने पर कुलपति प्रो. डॉ. एचएस सिंह को सम्मानित किया। वहीं कार्यक्रम में आईआईए चेयरमैन विपुल भटनागर, उद्यमी कुशपुरी, पंकज जैन गांधी टेंट हाऊस, रजनीश कुमार अध्यक्ष फैडरेशन ऑफ मुजफ्फरनगर कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, उद्यमी सतीश गोयल निदेशक टिहरी ऑयरन एंड स्टील कास्टिंग लि. एवं संजय कुमार जैन निदेशक सर्वोत्तम रोलिंग मिल्स प्रा.लि. द्वारा 05-05 आंगनबाड़ी केन्द्रों को गोद लेने पर प्रशस्ति पत्र देकर इस बीच सम्मानित किया। इसके अलावा मुजफ्फरनगर एलडीएम को 30 आंगनबाड़ी केन्द्रों को गोद लेने पर सम्मानित किया। वहीं पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक व कैनरा बैंक द्वारा 05-05 आंगनबाड़ी केन्द्र, सैन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इण्डियन बैंक, पंजाब एण्ड सिंध बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 03-03 आंगनबाड़ी केन्द्र, बैंक ऑफ बडौदा द्वारा 02 आंगनबाड़ी केन्द्र तथा बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 01 आंगनबाड़ी केन्द्र गोद लिए गए। कार्यक्रम के दौरान 05 अथवा इससे अधिक आंगनबाड़ी केन्द्रों को गोद लेने वाली 07 संस्थाओं को राज्यपाल द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं 10 आंगनबाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाने के लिए खिलौना किट का वितरण राज्यपाल व मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी आलोक यादव द्वारा राज्यपाल का संक्षिप्त परिचय दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाधिकारी चन्द्र भूषण सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, एसडीएम सदर परमानंद झा, सीएमओ महावीर सिंह फौजदार, जिला पंचायत राज अधिकारी अनिल कुमार सिंह, अपर मुख्य अधिकारी जितेन्द्र कुमार, उपायुक्त उद्योग परमहंस मोर्य, प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार गोंड, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, ग्राम प्रधान, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिका एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

विद्युत चोरी पकड़ने पर लाइनमैन व टीम के साथ मारपीट

कांधला, 12 मई (बु.)। जसाला बिजली घर पर संविदाकर्मी के रूप में तैनात राजकुमार ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों के आदेश पर वह टीजी-2 कन्हैया लाल व विद्युत लाइनमैन के साथ बकाया अधिभार के चलते विद्युत कनेक्शन काट रहे थे, साथ ही कम खपत वाले विद्युत उपभोक्ताओं की जांच भी की जा रही थी। आरोप है कि अपनी टीम के साथ गांव निवासी सफात पुत्र लिमू के मकान पर तार में कट कर चोरी करते हुए मौके पर पकड़ लिया। उक्त उपभोक्ता केबल में मीटर से पहले कट करके बिजली चोरी कर रहा था। आरोप है कि सरवर व उसके भाई जुनैद ने बिजली चोरी पकड़ने पर उनके साथ मिलकर डंडे से विद्युत कर्मचारियों के साथ मारपीट कर दी आरोप है कि आरोपीगणों ने संविदाकर्मी राजकुमार को घसीटते हुए गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया। अपनी जान बचाने के लिए लाइनमैंन ने 112 पर पुलिस व जय संदीप कुमार को सूचना देकर मौके पर बुला दिया, जिसके चलते आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के संबंध में पीड़ित संविदा कर्मी सहित वित्त विभाग की टीम ने थाने पहुंचकर आरोपी लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर थाने में नामजद तहरीर देते हुए अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई की मांग की।

राज्यपाल ने किया वन स्टॉप सैंटर का निरीक्षण

-सैंटर स्टाफ नर्स को किया सम्मानित, किया प्रोत्साहित

मुजफ्फरनगर, 12 मई (बु.)। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा आज वन स्टॉप सैन्टर का भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र पर स्थापित बैकिंग पटल स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, आधार पंजीकरण केन्द्र, वन स्टॉप सैन्टर का रिसेप्शन कक्ष, रिपोर्टिंग पुलिस चौकी, मेडिकल कक्ष, अल्पावास गृह, रसोई इत्यादि का निरीक्षण कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस दौरान वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रबंधक पूजा नरूला द्वारा वन स्टॉप सेन्टर की संपूर्ण कार्य प्रणाली व गत वर्षों में प्राप्त प्रकरणों की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के मौके पर वन स्टॉप सेन्टर की स्टॉफ नर्स सुषमा शर्मा को राज्यपाल के द्वारा डायरी व पैन भेंट कर सम्मानित किया। अल्पावास गृह में निवासरत तमाम महिलाओं को फलाहार, हाईजीन कीट वितरित करने के साथ महिलाओं का हाल चाल पूछा। राज्यपाल द्वारा वन स्टॉप सेन्टर स्टाफ, पुलिस टीम एवं चिकित्सक इत्यादि को भी प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देश दिये। इस दौरान केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान, राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, डीएम चंद्रभूषण सिंह, एसएसपी अभिषेक यादव, सीडीओ आलोक यादव, सीएमओ डॉ. एमएस फौजदार, एमडीए सचिव महेन्द्र प्रसाद, नगर मजिसट्रेट अनूप कुमार समेत जनपद के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

राज्यपाल ने जैन कन्या पाठशाला पीजी कॉलेज में विज्ञान संकाय का उद्घाटन किया

मुजफ्फरनगर, १२ मई (बुस.)। बृहस्पतिवार को जैन कन्या पाठशाला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मं महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमति आनन्दी बेन पटेल द्वारा विज्ञान संकाय का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन अवसर पर चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला, माँ शाकुम्बरी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एचएन सिंह, महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. सीमा जैन उपस्थित रहे। इसके साथ ही माननीय राज्यपाल ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि छात्राओं को घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, सर्वाइकल कैंसर, बाल विवाह जैसी समस्याओं के प्रति जागरूक रहने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि छात्राओं को अपने अभिभावकों से कहना चाहिए कि हमें भी टीका करण कराना है। इसके पश्चात प्रो. सीमा जैन ने राज्यपाल एवं कुलाधिपति को धन्यवाद दिया। इसके साथ ही छात्राओं को मेडल और पुरस्कार भी प्रदान किये।

यशपाल पंवार के आवास पर गुर्जर समाज ने किया तोमर का अभिनंदन

मुजफ्फरनगर, १२ मई (बु.)। प्रदेश के ऊर्जा राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर को आज भाजपा कार्यालय पर सम्मान किया गया। वहीं गुर्जर समाज की ओर से भाजपा के वरिष्ठ नेता यशपाल पंवार के आवास पर राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर का अभिनंदन किया गया। भाजपा कार्यालय पर पहुंचने के बाद आज राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर का पार्टी जिलाध्यक्ष व अन्य नेताओं ने स्वागत किया। इसके बाद भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष यशपाल पंवार के साकेत स्थित आवास पर डॉ. तोमर का गुर्जर समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने अभिनंदन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. कलम सिंह ने की व संचालन डॉ. राजकुमार वर्मा द्वारा किया गया। रामपाल सिंह प्रधानाचार्य एवं सतेंद्र आर्य मंच पर मौजूद रहे। वक्ताओं ने समाज को आगे बढ़ाने के लिए इसे राजनीतिक रूप से भी शक्तिशाली बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अमित कसाना, किसान मोर्चा क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य तेजपाल सिंह, धर्मेंद्र तोमर, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रीतम सिंह, अनिल प्रधान छपरा वाले, पूर्व एमडी कवर पाल सिंह, रेता नंगला प्रधान उदयवीर, सिंबालकी प्रधान शक्ति सिंह आदि अनेक जिला पंचायत सदस्य प्रधान और पूरे जिले के गुर्जर समाज के प्रबुद्ध लोगों ने राज्यमंत्री का स्वागत किया। भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, अचिंत मित्तल, राहुल गोयल आदि ने उनका स्वागत किया।

बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र सुभान व उसकी पत्नी वसीला को उनके गलत आचरण, व्यवहार के कारण अपनी सम्पत्ति से बेदखल व सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ।

नूर मौहम्मद
पुत्र सद्दीक
निवासी : नई बस्ती भोकरहेड़ी, थाना भोपा, मुजफ्फरनगर

प्रेस सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी सम्पत्ति जो कि मौहल्ला गंगा विहार रकबा ग्राम सरवट (बाहर हदूद) मुजफ्फरनगर में स्थित है, उसका पूर्व का बैनामा जो बही नम्बर 1, जिल्द नम्बर 5089 के पृष्ठ 225/246 में क्रमांक 8987 पर दिनांक 04.09.2009 को हुआ था, का अन्तिम पृष्ठ कहीं रास्ते में गुम हो गया है। किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उसका प्रयोग अवैध होगा।

विनीत चौधरी
पुत्र श्री यशपाल सिंह
निवासी : 852, मौहल्ला लाल बाग, पचैण्डा रोड, मुजफ्फरनगर

राज्यमंत्री का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

जानसठ, १२ मई (बु.)। जानसठ निरीक्षण भवन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा राज्यमंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर का जोरदार स्वागत किया, जिसमें राज्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब से केंद्र में मोदी व उत्तर प्रदेश में योगी की सरकार बनी है। जिन गांव में लम्बे समय से अंधेरा था, वहां तक बीजेपी की सरकार ने बिजली पहुंचाने का कार्य किया है और प्रदेश के हर अमीर व गरीब व्यक्तियों को बिजली मिले। सौभाग्य ऊर्जा योजना के तहत फ्री में कनेक्शन देने का काम बीजेपी सरकार द्वारा किया गया है। पहले की सरकारों में बिजली चंद घंटों के लिए आती थी, लेकिन जब से विश्व गुरु नरेंद्र सिंह मोदी की सरकार आई है, तब से चारों ओर विकास कार्य हो रहे हैं। चौमुखी विकास को देखते हुए उत्तर प्रदेश की जनता ने दोबारा से बीजेपी पर विश्वास करते हुए उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने का कार्य किया है। वहीं खतौली विधान सभा के विधायक विक्रम सिंह सैनी ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि किसी भी कीमत पर बीजेपी कार्यकर्ताओं का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और मैं हर छोटे-बड़े कार्यकर्ता के साथ तन-मन-धन से हर समय तैयार हूं। जिन पिछली सरकारों की गलत नीति के चलते जनता परेशान थी, २०२२ विधानसभा के उत्तर प्रदेश के चुनाव में कांग्रेस पार्टी को जीरो पर लाकर प्रदेश जनता ने यह साबित कर दिया है कि उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार सभी को साथ लेकर कार्य कर रही है। जानसठ नगर पंचायत के चेयरमैन प्रवेंद्र भड़ाना ने बाहर से आए हुए अतिथि व राज्यमंत्री का पुष्प देकर स्वागत किया और कहां की उत्तर प्रदेश की सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी को साथ लेकर चलने का कार्य कर रही है, जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना आयुष्मान कार्ड बीमा, फ्री गैस सिलेंडर, सबको फ्री राशन जैसी योजनाएं बिना किसी भेदभाव के चलाई जा रही हैं। इसी का परिणाम यह है कि उत्तर प्रदेश में दूसरी बार फिर बीजेपी का परचम लहराया है। इस दौरान मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर विधायक, विक्रम सिंह सैनी, चेयरमैन प्रवेंद्र भड़ाना, बृजेश रस्तौगी, राजीव गुप्ता, अंकुर पाल ऋतुराज, रजनीश सैनी, उपेंद्र सैनी, जेई कपिल देव, कौशलेंद्र तोमर, डॉ. सतीश, शशिकांत राजवंशी, विद्युत विभाग के एसडीओ नायब तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

गोवंश चोरी के अभियुक्त को तीन साल कैद की सजा

मुज़फ्फरनगर, 12 मई (बु.)। नई मंडी कोतवाली पुलिस ने गत 18 अप्रैल 2018 को गांधीनगर में एक मकान से गोवंश चोरी कर रहे आरोपी मोहल्ला गहराबाग निवासी इरफान को गिरफ्तार किया था। आरोपी के पास से चोरी किया गया गोवंश और एक गाड़ी भी बरामद की गई थी। अभियोजन अधिकारी रामअवतार सिंह ने बताया कि मुकदमे की सुनवाई एसीजेएम-प्रथम कोर्ट में न्यायाधीश प्रशांत कुमार के समक्ष हुई। अभियोजन पक्ष द्वारा पेश किए गए साक्ष्य व गवाहों के आधार पर न्यायाधीश ने आरोपी इरफान को दोषी करार दिया। इसके बाद अभियुक्त को तीन साल कैद और एक हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है।

छात्र- छात्राओं ने किया अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

मुज़फ़्फ़रनगर, 12 मई (बुस.)। एसडी कॉलेज ऑफ लॉ में आयोजित स्पोर्ट्स मीट के अंतर्गत चौथे दिन वालीबॉल और बैडमिंटन प्रतियोगिता (छात्रा वर्ग) फाइनल में छात्र-छात्राओं ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता (छात्रा वर्ग) में प्रिया चौधरी ने पहला, दीक्षा ने दूसरा तथा वंदना और मनिका ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता के संचालन में अनीता सिंह, प्रीति लौर तथा मैच कमेन्ट्री के लिए वैभव कश्यप का सराहनीय योगदान रहा। वालीबॉल प्रतियोगिता में जगन, आयुष, अंकित, गोविन्द, आर्यन सिद्धार्थ और गौरव की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरा स्थान प्राप्त करने वालों में ध्रुव, समीर, शिवांश, शासक, अतुल, आर्यन, तमजीद की टीम रही। वालीबॉल प्रतियोगिता के सफलतापूर्वक संचालन के लिए अमित चौहान, अमित त्यागी, अमित भारद्वाज, विपुल कुमार का विशेष योगदान रहा। शुक्रवार को विजयी छात्र-छात्राओं को पुरुस्कृत किया जायेगा। खेल के सफलतापूर्वक संचालन एवं विशेष रूप से प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के प्रति प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कॉलेज निदेशक मंजू मल्होत्रा ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेणु गर्ग ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा की आने वाले सत्र में भी छात्र-छात्राओं का उत्साह देखने को मिलेगा। इस अवसर पर मंजू मल्होत्रा, डॉ. मुकुल गुप्त, अमित चौहान, प्रीति चौहान, छवि जैन, अमित त्यागी, वैभव कश्यप, पूनम रानी, बीता गर्ग, अभिनव गोयल, अनीता सिंह, उमेश चन्द्र त्रिपाठी, अमित भारद्वाज, गरिमा, प्रीति दीक्षित, विपुल कुमार, शुभम सिंघल, प्रदीप सिंघल, संतोष शर्मा, अभिनव अग्रवाल, संजीव कुमार, विवेक सिरोही, शिवानी धीमान आदि उपस्थित रहे।

बाइक सवार बदमाशों ने मेडिकल संचालक से लूटा मोबाइल

कांधला, 12 मई (बु.)। नगर के मौहल्ला खैल निवासी सागर प्रतिदिन की तरह बीते बुधवार की शाम को मेडिकल स्टोर को बंद करने के पश्चात अपने घर जा रहा था। आरोप है कि जैन स्थानक छत्ते वाली गले के निकट पहुंचने पर नकाबपोश बाइक सवार बदमाशों ने युवक से एक कॉल करने के लिए मोबाइल मांगा। युवक ने सन्देह होने पर मोबाइल देने से मना कर दिया। आरोप है कि इसी बीच नकाबपोश बदमाश युवक से मोबाइल छीनकर बाइक सहित मौके से फरार हो गया। युवक के द्वारा शोर शराबा कर बाइक सवार बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन आरोपी बदमाश मौके से फरार हो गए।

एसडी पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस एवं परिवार दिवस

मुजफ्फरनगर, १२ मई (बुस.)। एसडी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ नर्स दिवस व परिवार दिवस मनाया गया, जिसके अंतर्गत विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने समूह गान, कविता, लघु नाटिका, भाषण व चार्ट बनाकर अपनी प्रस्तुति दी। यह दिवस फ्लोरेंस नाइटेंगल की याद में मनाया जाता है, जिन्होंने आजीवन लोगों की सेवा की। इसी सेवा-भाव श्रृंखला में मदर टेरेसा का भी नाम आता है, जिन्होंने अपना सारा जीवन लोगों की सेवा में समर्पित किया। इस अवसर पर विद्यालय की नर्स (परिचारिका) श्रीमती सरिता को विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा बुके व ग्रीटिंग कार्ड देकर सम्मानित किया गया, जो अपनी सेवाओं से सभी की अच्छे से देखभाल करती है और स्नेह के बंधन में बांधते हुए तत्परता से अपनी भूमिका को निभाती है। अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस के उपलक्ष में छात्रों ने एकल परिवार तथा संयुक्त परिवार पर आधारित एक संदेशात्मक लघु नाटिका की प्रस्तुति दी, जिसके अंतर्गत आज के परिवेश में संयुक्त परिवारों का कितना महत्व है और एक संयुक्त परिवार ही अपने परिवार को मजबूत बनाने के साथ-साथ संस्कारवान बनाने व भावनात्मक सहारा प्रदान करने के लिए विशेष भूमिका निभाता है, जिसे देखकर मन भाव-विभोर हो उठा। आज के वर्तमान युग में मोबाइल का अधिकाधिक प्रयोग देखने को मिल रहा है। इस संदर्भ में कक्षा आठ के छात्र-छात्राओं ने एक लघु नाटिका द

मुफ्त बिजली और आधे बिल जल्द होंगे

❑ऊर्जा राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर ने कहा–नलकूपों पर मीटर को मुफ्त बिजली से जोड़ना गलत

मुजफ्फरनगर, १२ मई (बु.)। उत्तर प्रदेश के ऊर्जा राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर ने कहा कि किसानों को मुफ्त बिजली देने और बिजली बिल आधे करने के चुनावी वादे पर सरकार जल्द अमल करेगी। नलकूपों पर मीटर लगाने के विरोध के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य लोड की जांच कराना है। ग्रामीण क्षेत्र में बिजली बिलों में रियायत पर अमल शुरू हो चुका है और संभावना है कि अगले बजट में बिजली बिलों को लेकर कोई घोषणा हो।

आज यहां आए सोमेंद्र तोमर ने सिंचाई विभाग के निरीक्षण भवन पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में बिजली का कोई संकट नहीं है। यह जरूर है कि इस मौसम में बिजली की मांग बढ़ी है। बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री केंद्र सरकार के साथ संपर्क में हैं। भाजपा सरकार से पहले कुछ जिलों को बिजली के मामले में खास माना जाता था, लेकिन आज पूरे प्रदेश को बिजली मिल रही है। सरकार ने बिजली अधिकारियों को भी अनावश्यक अवकाश ना लेने को कहा। उन्होंने कहा कि सरकार वैकल्पिक ऊर्जा पर भी काम कर रही है। इसके लिए सभी सरकारी भवनों पर सोलर विद्युत संयंत्र लगाने पर काम चल रहा है। वायु विद्युत पर भी सरकार काम कर रही है। यह पूछे जाने पर भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में किसानों को मुफ्त बिजली देने और बिजली बिल आधे करने का वादा किया था, किंतु इस पर अभी कोई कार्रवाई नहीं हुई। सोमेंद्र तोमर ने कहा कि सरकार इस पर विचार कर रही है और संभव है कि अगले बजट सत्र में इसे लेकर कोई घोषणा हो। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर्स की ओवर लोडिंग की समस्या को लेकर सरकार एडवांस तकनीक पर काम कर रही है। जिले में तीस से चालीस प्रतिशत तक लाइन लॉस के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि लाइन लॉस दो तरह के होते हैं। एक कॉमर्शियल और दूसरे टैक्निकल। टैक्निकल लाइन लॉस तो कम करना संभव नहीं है, लेकिन कॉमर्शियल लाइन लॉस कम करने को सरकार हर संभव उपाय कर रही है। इसके चलते पहले के मुकाबले काफी सुधार किया भी गया है। विभाग में भ्रष्टाचार को लेकर उन्होंने कहा कि कोई वास्तविक सूचना आती है तो उस पर कार्रवाई की जाती है। इसके लिए पावर कॉरपोशन का एक टोल फ्री नंबर है, जिस पर शिकायत की जा सकती है। उन्होंने कहा कि अगले छह माह में विभाग में बड़े तकनीकी बदलाव देखने को मिलेंगे। यहां पहुंचने पर भाजपा नेता अचिंत मित्तल, नितिन मलिक, पंडित धर्मेंद्र शर्मा, संजय गर्ग, पवन अरोरा आदि ने उनका स्वागत किया। उन्हें पटका पहनाने के साथ एक प्रतिमा भी भेंट की गई।

बिजली आपूर्ति को लेकर मंत्री के सामने परोसा सफेद झूठ

मुजफ्फरनगर। पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने समीक्षा बैठक में राज्यमंत्री को बिजली आपूर्ति के बारे में सफेद झूठ परोस दिया। राज्यमंत्री ने पावर कॉरपोशन के अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले की बिजली की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्हें बताया गया कि जिले में शहरी क्षेत्र में निर्धारित २४ घंटे के मुकाबले २३.५० घंटे बिजली दी जा रही है। तहसील स्तर पर बीस घंटे के मुकाबले १६.५० घंटे और ग्रामीण स्तर पर निर्धारित १६ घंटे के मुकाबले १७.४५ घंटे आपूर्ति दी जा रही है। इसी तरह कृषि पोषकों को निर्धारित दस घंटे के मुकाबले ६.४५ बिजली आपूर्ति दी जा रही है। अब इसमें कितना सच है और कितना झूठ इसका अंदाजा खुद जिले के लोग लगा सकते हैं, जबकि शहर में ही प्रतिदिन चार से पांच घंटे तक की कटौती की जा रही है। ग्रामीण इलाकों में तो स्थिति और भी खराब है।

एक घंटा इंतजार कर चले गए संजीव बालियान और कपिलदेव

मुजफ्फरनगर। ऊर्जा मंत्री आज कार्यकर्ताओं के स्वागत में इतने व्यस्त हो गए कि सिंचाई विभाग निरीक्षण भवन पर पत्रकार वार्ता में राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर दो घंटा विलंब से पहुंचे। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान और राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिलदेव अग्रवाल और प्रमुख उद्यमी भीम कंसल भी उनसे मिलने के लिए वहां पहुंचे और करीब एक घंटा बैठकर उनके आने से पहले ही वहां से चले गए। हालांकि देर से पहुंचने के लिए तोमर ने पत्रकारों से माफी मांगी।

उत्तर प्रदेश के आबकारी राज्य मंत्री आज नगर में

मुजफ्फरनगर, १२ मई (बु.)। उप्र के आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल १३ मई को नगर में आयेंगे। अधिकृत कार्यक्रम के अनुसार पौने ग्यारह बजे भंगेला चैकपोस्ट पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल संगठन द्वारा उनका स्वागत किया जायेगा। वें सवा ग्यारह बजे लोनिवि निरीक्षण भवन पर डीएम–एसएसपी तथा आबकारी विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे और वहीं भाजपा तथा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ भेंट करेंगे। एक बजे उनका मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज अस्पताल भ्रमण, कोविड वार्ड का निरीक्षण तथा एमबीबीएस के मेधावी छात्र–छात्राओं के सम्मानित करने का कार्यक्रम है।

हेलिकॉप्टर दुर्घटना में दो पायलटों की मौत

रायपुर, १२ मई (एजेंसी)। एयरपोर्ट पर एक हेलिकॉप्टर क्रैश होने से दो पायलटों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर बताया कि इस हादसे में दोनों ही पायलटों कैप्टन पांडा और कैप्टन श्रीवास्तव की इस हादसे में मौत हो गई है। उन्होंने मृतक पायलटों के परिजनों के प्रति संवेदना जाहिर की है।

डीआईजी ने किया पुलिस ऑफिस व नई मंडी थाने का निरीक्षण

मुजफ्फरनगर, १२ मई (बु.)। सहारनपुर मंडल के डीआईजी डॉ. प्रीतिंदर सिंह बृहस्पतिवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले पुलिस ऑफिस पहुंचकर वहां के सभी कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान एसएसपी अभिषेक कुमार, एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय और एसपी देहात अतुल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। इसके बाद डीआईजी नई मंडी कोतवाली पहुंचे, जहां उन्होंने महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिला डेस्क पर मौजूद महिला पुलिसकर्मियों से मिशन शक्ति से सम्बंधित चलाये जा रहे अभियानों के बारे में जानकारी लेने के साथ ही महिला सम्बंधी शिकायतों का संज्ञान लेकर उनका जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिये। इसके बाद डीआईजी ने थाना कार्यालय के विभिन्न रजिस्टरों का भी अवलोकन कर थाने के दरोगाओं की बैठक ली। इसमें उन्होंने लंबित विवेचनाओं का जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने मंडी सीओ हिमांशु गौरव और इंस्पेक्टर पंकज पंत से कुछ दिन पूर्व हाईवे पर युवती से हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले की जानकारी लेते हुए उसमें की गई पुलिस कार्रवाई की भी जानकारी ली।

राज्यपाल के मंच पर बढ़ती रही कुर्सी, पर नहीं मिला जिला पंचायत अध्यक्ष को निमंत्रण

मुजफ्फरनगर, 12 मई (बु.)। गुरूवार को प्रशासन की ओर से आयोजित राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के पंचायत सभागार में संपन्न कार्यक्रम में मंच पर पहले मात्र 5 अतिथियों के बैठने की अनुमति दी गई थी। ऐसे में जिला पंचायत अध्यक्ष को कार्यक्रम में निमंत्रण नहीं दिया, लेकिन जैसे–जैसे कार्यक्रम शुरू हुआ, वैसे ही एक के बाद एक कुर्सी मंच पर बढ़ती गई। इनमें एमएलसी वंदना व पालिका चेयरमैन अंजू अग्रवाल के पहुंचने पर उनके लिए कुर्सी लगवाई गई। वहीं जिले के प्रथम नागरिक जिला पंचायत अध्यक्ष को कार्यक्रम में निमंत्रण नहीं मिला, जिस पर उन्होंने प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई है। गुरूवार को जिला पंचायत सभागार में हुए राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के जिला प्रशासन एवं आईसीडीएस के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मंच से लेकर सभागार तक अतिथियों, अधिकारी और जनप्रतिनिधियों की भागीदारी पूर्व में ही तय हो गई थी। राजभवन से जारी आदेश में मंच पर राज्यपाल के अलावा केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभारी कपिलदेव अग्रवाल, चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला, मां शाकुंभरी देवी विश्वविद्यालय सहारनपुर कुलपति प्रो. एचएस सिंह की सीटिंग के साथ नाम की प्लेट लगाई गई। हालांकि बाद में कार्यक्रम में पालिका की चेयरमैन अंजू अग्रवाल व एमएलसी वंदना वर्मा भी पहुंचे, जिसके चलते प्रशासन द्वारा दो और कुर्सी मंच पर बढ़ाई गई। मजे की बात यह रही जिला पंचायत सभागार में संपन्न कार्यक्रम में जिला प्रशासन की ओर से जिले के प्रथम नागरिक के साथ बतौर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल को निमंत्रण नहीं दिया। उन्होंने राज्यपाल के कार्यक्रम के बारे में प्रशासन की ओर से कोई सूचना नहीं दिए जाने की जानकारी देते हुए इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की, जबकि कार्यक्रम जिला पंचायत सभागार में संपन्न किया गया।

रुपेन्द्र सैनी के घर पहुंचे ऊर्जा राज्य मंत्री

मुजफ्फरनगर, १२ मई (बु.)। मेरठ के विधायक ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेन्द्र तोमर आज अपने मुजफ्फरनगर दौरे के दौरान रुपेन्द्र सैनी के निवास पर भी चाय पीने पहुंचे और उनके पिता जयपाल सैनी के स्वास्थ्य का भी हालचाल जाना। इस अवसर पर सोमेन्द्र तोमर पारिवारिक लोगों से मिले और उनका कुशलक्षेम पूछने के साथ–साथ पूर्व जिलाध्यक्ष रुपेन्द्र सैनी से पार्टी हित में कार्य करने पर भी चर्चा की। इस अवसर पर उनके साथ मीडिया प्रभारी अचिंत मित्तल, मीरापुर के राहुल शर्मा आदि मौजूद रहे।

राहुल भट्ट की हत्या पर सुलगा कश्मीर

श्रीनगर, १२ मई (एजेंसी)। जम्मू कश्मीर के बडगाम में कश्मीरी पंडित राहुल भट्ट की आतंकियों द्वारा हत्या किए जाने से घाटी एक बार फिर सुलग उठी है। घटना को लेकर कश्मीरी पंडितों में गुस्सा है। नाराज कश्मीरी पंडितो ने जम्मू श्रीनगर हाईवे पर जाम लगा दिया। साथ ही अनंतनाग समेत कई जगहों पर लोगों ने प्रदर्शन करते हुए न्याय की मांग की। इस घटना पर राहुल भट के पिता ने सरकार से जांच की मांग उठाई है। उधर, जानकारी मिली है कि राहुल भट्ट पर हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन कश्मीर टाइगर्स ने ली है।

मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार को मध्य कश्मीर के बडगाम जिले में स्थित चदूरा के तहसीलदार कार्यालय में घुसकर दो आतंकियों ने सरकारी कर्मचारी राहुल भट्ट को गोलियों से भून दिया। आरोप है कि हत्यारों ने पहले कश्मीरी पंडितों को घाटी छोड़ने की धमकी दी और फिर हमला किया। राहुल भट कश्मीरी पंडित हैं। उनकी इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। राहुल भट चदूरा में राजस्व विभाग में क्लर्क के तौर पर काम करते थे। उनकी हत्या को लेकर कश्मीरी पंडितों में गुस्सा है। नाराज लोगों ने जम्मू श्रीनगर हाईवे पर जाम लगा दिया। लोग इंसाफ की मांग कर रहे हैं। साथ ही अनंतनाग समेत घाटी के कई इलाकों में लोगों ने प्रदर्शन किया। लोग सरकार से आतंकियों के खिलाफ नकेल कसने की मांग कर रहे हैं। घटना को लेकर जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि मैं बडगाम में आतंकवादियों द्वारा राहुल भट की बर्बर हत्या की कड़ी निंदा करता हूं। इस घिनौने आतंकी हमले के पीछे लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। इस दुख की घड़ी में जम्मू–कश्मीर सरकार शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ी है। राहुल भट के पिता ने कहा कि ऑफिस के अंदर मारा जाना कोई सामान्य बात नहीं है। इसका मतलब है कि यह जानबूझकर की गई हत्या थी। जांच होनी चाहिए... वह मददगार आदमी था। वह अपने पीछे पत्नी और ७ साल की बेटी को अकेला छोड़ गया। जम्मू–कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार लोगों, विशेषकर अल्पसंख्यकों को सुरक्षा प्रदान करने में विफल रही है। उन्होंने राहुल भट्ट की हत्या पर कहा कि एक कश्मीरी पंडित की हत्या के बारे में सुनकर बहुत दुखी और परेशान हूं। यह हत्या दूसरों में भी भय पैदा करेगी। कश्मीर घाटी में सुरक्षा की स्थिति खराब हो रही है और सरकार कश्मीर की नकली गुलाबी तस्वीर पेश करने में व्यस्त है। सब ठीक नहीं है कश्मीर में।

तालाब में डूबकर बालक की मौत

मुजफ्फरनगर, १२ मई (बु.)। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव चौरावाला में तालाब की खुदाई के दौरान गुरुवार की शाम पुनिस का आठ वर्षीय बालक अनमोल साथी बच्चों के संग तालाब किनारे खेल रहा था। तभी अचानक अनमोल गहरे गड्ढे में गिर गया। बच्चों ने शोर मचाते हुए दौड़कर परिजनों को सूचना दी। ग्रामीणों द्वारा अनमोल को तालाब से बाहर निकाला और डॉक्टर के यहां ले गए, लेकिन उसकी मौत हो गई। अनमोल की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। अनमोल तीसरी कक्षा का छात्र था।

यूपी में 10 किलोवाट तक के कनेक्शन पर सब्सिडी की तैयारी

लखनऊ, १२ मई (एजेंसी)। यूपी में पावरलूम बुनकरों के १० किलोवाट तक के बिजली कनेक्शन पर प्रदेश सरकार फ्लैट रेट पर सब्सिडी दिए जाने पर विचार कर रही है। बुनकर नेताओं से बातचीत और सहमति के बाद सरकार इसे लागू करेगी। इसके लिए प्रस्तावित अटल बिहारी वाजपेयी बुनकर फ्लैट रेट योजना पर सालाना करीब ६४२ करोड़ रुपये का व्ययभार अनुमानित किया गया है। इस योजना के लागू होने पर राज्य के २ लाख ३६ हजार ४८० बुनकर लाभान्वित होंगे।

सोल्जर्स बोर्ड में वृद्ध की मौत, शव मोर्चरी भेजा

मुजफ्फरनगर, १२ मई (बु.)। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में स्थित सोल्जर्स बोर्ड परिसर में रहने वाले वृद्ध रामलाल (६०) पुत्र वीर बहादुर सिंह की हालत बृहस्पतिवार सुबह अचानक बिगड़ गई। वृद्ध की पत्नी उन्हें लेकर तत्काल जिला अस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टरों ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया है।

सड़क किनारे मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं

मुजफ्फरनगर, १२ मई (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र में बृहस्पतिवार सुबह एक युवक का शव सड़क किनारे पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन करीब ४० वर्षीय युवक के शव की पहचान नहीं हो सकी। इस पर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया। पुलिस के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद युवक की मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

शेष : राज्यपाल ने पालिका...

पर ही दिया गया। समस्त भाजपाई महामहिम राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल के साथ मंच पर बैठ गए तभी राज्यपाल की नजर अंजू अग्रवाल पर पड़ी तो वे खुद खड़ी हुई और अपनी कुर्सी पीछे करते हुए अंजू अग्रवाल को इशारा किया कि वे मंच पर आएं। इस पर अंजू अग्रवाल मंच पर पहुंची और राज्यपाल ने सांसद संजीव बालियान के बराबर में उन्हें स्थान दिलाया। उक्त सब घटनाक्रम से ऐसा महसूस होता है कि चेयरमैन अंजू अग्रवाल पता नहीं भाजपा की हैं भी या नहीं ? हालांकि आने वाले चेयरमैनी चुनाव में यह बात पूरी तरह साफ हो जाएगी कि भाजपा उन्हें तरजीह देती भी है या नहीं ?

शेष : रोडवेज बस पकड़ने..

व शामली की ओर जाने वाली बसों की व्यवस्था वहलना चौक पर की गई थी। ऐसे में इन स्थानों पर पहुंचाने के लिए हालात का फायदा उठाते हुए ई रिक्शा और टेंपो चालकों ने मनमाने किराये वसूले। ऐसे में जेब ढीली हुई और टांग तुड़ाई अलग हुई। महिलाओं, बुजुर्गों व बच्चों के लिए यह स्थिति काफी परेशानी भरी थी। वहलना चौक पर जाने के लिए तो पचास रुपये सवारी तक वसूल किया गया।

बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर सिसौली में रहेगा किसानों का मेला

❑यूपी में जहां भी बुलडोजर चलें उस जमीन पर युवाओं के लिए बनाए जाएं स्टेडियम: टिकैत
❑बढ़ती बेरोजगारी को लेकर भाकियू प्रवक्ता ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को लिखा पत्र

मुज़फ़्फ़रनगर, 12 मई (बु.)। किसानों के मसीहा बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर 15 मई को किसानों का मेला रहेगा। भाकियू की ज़िला बैठक में दूर दराज से आने वाले किसानों की आवभगत की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। उधर भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि यूपी में जहां पर भी बुलडोजर चलें, वहां की जमीन पर स्टेडियम बनाने का काम हो, ताकि युवाओं को खेलकूद की दिशा में आगे बढ़ाया जा सकें। भाकियू अध्यक्ष रहे चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 15 मई को होने वाली पुण्यतिथि पर हर साल की तरह इस बार भी किसानों का जमावड़ा रहेगा। इसी के मद्देनज़र भाकियू ज़िला कार्यालय पर बैठक बुलाकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि बैठक में संगठन की मजबूती और 15 मई को महेंद्र सिंह टिकैत को मनाई जाने वाली पुण्यतिथि की व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। पुण्यतिथि के मौके पर रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि भाकियू नेता विकास शर्मा और शहर के चिकित्सकों के बीच चल रहा विवाद भी आज निस्तारित हो गया है। दोनों पक्षों में बैठक के बाद तमाम गलत फहमियों को दूर कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को डॉक्टरों पर विश्वास करना चाहिए। किसान नेता टिकैत ने कहा कि पूरे देश में भर्ती और बेरोजगारी को लेकर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को पत्र लिखा है। पिछले 3 सालों से युवा बेरोजगारी की मार झेल रहा है, इसलिए सरकार को भर्ती खोल देनी चाहिए। टिकैत ने कहा कि उनकी कोशिश रहेगी कि बेरोजगारों का एक प्रतिनिधिमंडल को रक्षामंत्री से मिलवाया जाए। उन्होंने कहा कि हर गांव में हरियाणा की तर्ज पर स्टेडियम बनने चाहिएं। जिस भी जगह यूपी में बुलडोजर चल रहा है, वहां पर सरकार को स्टेडियम का निर्माण कराना चाहिए, ताकि बच्चे स्टेडियम में प्रेक्टिस कर सकें और उन्हें सड़कों पर ना दौड़ना पड़े। इससे आए दिन होने वाली दुर्घटना से भी बचा जा सकता है।

चीन से भेजा गया ३२ करोड़ का सोना दिल्ली एयरपोर्ट पर पकड़ा

नई दिल्ली, १२ मई (एजेंसी)। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) को तस्करी कर भेजी जा रही सोने की खेप पकड़ने में बड़ी सफलता हाथ लगी। डीआरआई अधिकारियों ने दिल्ली एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स पर एक एयर कार्गो खेप को रोककर ६१.५ किलोग्राम सोना बरामद किया है। अधिकारियों ने बताया कि छिपाया गया यह सोना नल के आकार में था, जिसकी कीमत ३२.५ करोड़ रुपये आंकी जा रही है। यह खेप चीन से जापान एयरलाइंस के जरिए भारत भेजी गई थी। डीआरआई अधिकारी ने कहा कि, सोने की खेप जापान एयरलाइंस से आईजीआई हवाईअड्डे पर पहुंची थी। गहन और लंबी जांच के बाद बड़ी संख्या में छिपा हुआ २४ कैरेट सोना बरामद किया गया। जांच के बाद डीआरआई के अधिकारी खेप से ३२.५ करोड़ रुपये की कीमत वाले ६१.५ किलो सोना बरामद करने में सफल रहे। अधिकारी ने कहा कि बरामद सोना ९९ प्रतिशत शुद्ध है। पकड़े गए सोने को जब्त कर लिया गया है।

राज्यसभा चुनाव में ग्यारह सीटें भाजपा को सात, सपा को तीन सीट मिलना तय, 1 सीट के लिए होगी खींचतान

लखनऊ, १२ मई (एजेंसी)। राज्यसभा में यूपी की ११ सीटों के लिए चुनाव १० जून को होगा। इन सदस्यों का कार्यकाल ४ जुलाई को समाप्त हो रहा है। इसके लिए नामांकन २४ से ३१ मई तक दाखिल किए जाएंगे। अधिसूचना २४ मई को जारी की जाएगी। एक जून को नामांकन पत्रों की जांच होगी। ३ जून तक नाम वापस ले सकेंगे। १० जून को सुबह ९ से शाम ४ बजे तक मतदान होगा। शाम ५ बजे से मतगणना शुरू होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बृहस्पतिवार को इसका कार्यक्रम जारी कर दिया। इन ११ सीटों में से भाजपा को सात व सपा को तीन सीटें मिलना लगभग तय है। सूत्रों के मुताबिक एक सीट के लिए ३६ विधायकों का वोट चाहिए। भाजपा गठबंधन के पास २७३ विधायक है। ऐसे में उन्हें ७ सीट जीतने में कोई परेशानी नहीं होगी। सपा के पास १२५ विधायक हैं। उसे ३ सीट जीतने में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन ११वीं सीट के लिए भाजपा व सपा एक दूसरे के खेमे में सेंधमारी का प्रयास करेंगे। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के दो, कांग्रेस के दो, बसपा के एक विधायक है। जनसत्ता दल के दो विधायकों का समर्थन भाजपा को मिल सकता है। कांग्रेस और बसपा का किसी भी दल से गठबंधन नहीं होने के कारण चुनाव से बाहर रह सकते है। बसपा के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा और पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल ४ जुलाई २०२२ को राज्यसभा से बाहर हो जाएंगे। कांग्रेस और बसपा विधानसभा में अत्यंत अल्पमत में होने के कारण राज्यसभा चुनाव में दोनों ही दल एक भी सीट जीतने की स्थिति में नहीं है।

नहीं खुलेंगे ताजमहल के बंद दरवाजे, उच्च न्यायालय की तल्ख टिप्पणी

लखनऊ, १२ मई (एजेंसी)। ताजमहल के बंद २० दरवाजों को खोलने की गुजारिश वाली याचिका पर बृहस्पतिवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति देवेन्द्र कुमार उपाध्याय व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने आज अपराह्न सवा दो बजे मामले की सुनवाई करते हुए याचिका को खारिज कर दिया। याचिका अयोध्या के डॉ. रजनीश सिंह ने दायर की थी। याचिका में इतिहासकार पीएन ओक की किताब ताजमहल का हवाला देते हुए दावा किया गया कि ताजमहल वास्तव में तेजोमहालय है, जिसका निर्माण १२९२ एडी में राजा परमादी देव ने कराया था। याचिका में यह भी दावा किया गया कि ताजमहल के बंद दरवाजों के भीतर भगवान शिव का मंदिर है। याचिका में अयोध्या के जगतगुरु परमहंस के वहां जाने और उन्हें भगवा वस्त्रों के कारण रोके जाने संबंधी हालिया विवाद का भी जिक्र किया गया। याची ने ताजमहल के संबंध में एक फैक्ट फाइंडिंग कमेटी (तथ्यों का पता लगाने वाली समिति) बनाकर अध्ययन करने और ताजमहल के बंद करीब २० दरवाजों को खोलने के निर्देश जारी करने का आग्रह किया है। जिससे सत्यता सामने आ सके। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सुनवाई में याचिकाकर्ता रजनीश सिंह के वकील ने कहा कि देश के नागरिकों को ताजमहल के बारे में सच जानने की जरूरत है। याचिकाकर्ता ने कहा– मैं कई आरटीआई लगा चुका हूं। मुझे पता चला है कि कई कमरे बंद हैं और प्रशासन की ओर से बताया गया कि ऐसा सुरक्षा कारणों की वजह से किया गया है। इसके जवाब में यूपी सरकार के वकील ने कहा कि इस मामले में आगरा में पहले से ही मुकदमा दर्ज है और याचिकाकर्ता का इस पर कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है। वहीं याचिकाकर्ता ने कहा कि मैं इस तथ्य पर बात ही नहीं कर रहा कि वह जमीन भगवान शिव से जुड़ी है या अल्लाह से। मेरा मुख्य मुद्दा वो बंद कमरे हैं और हम सभी को जानना चाहिए कि आखिर उन कमरों के पीछे क्या है। इसके बाद दो न्यायाधीशों की बेंच ने याचिकाकर्ता से कहा कि जाइए एमए करिए और उसके बाद ऐसा विषय चुनिए। अगर कोई संस्थान आपको रोकता है तो हमारे पास आइए। अदालत ने पूछा कि आप किससे सूचना मांग रहे हैं? इसके जवाब में याचिकाकर्ता ने कहा कि प्रशासन से। इस पर कोर्ट ने कहा– अगर वो कह चुके हैं कि सुरक्षा कारणों से कमरे बंद हैं तो वही सूचना है। अगर आप संतुष्ट नहीं हैं तो इसको चुनौती दीजिए। आप एमए करिए और फिर नेट, जेआरएफ करिए और अगर कोई यूनिवर्सिटी आपको इस विषय पर शोध करने से रोके तो हमारे पास आइए। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता अपनी याचिका तक ही सीमित रहे। याचिकाकर्ता ने कहा कि हमें उन कमरों में जाने की अनुमति दीजिए। इस पर कोर्ट ने तंज कसा कि कल को आप कहेंगे हमें माननीय न्यायाधीशों के चेंबर में जाना है। पीआईएल सिस्टम का मजाक मत बनाइए।

गृहक्लेश के चलते फांसी लगाकर की आत्महत्या

मुजफ्फरनगर, १२ मई (बु.)। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मौहल्ला केशवपुरी निवासी राकेश का २२ साल का बेटा अर्जुन बृहस्पतिवार सुबह घर पर ही था। इसी दौरान युवक ने एक कमरे में जाकर छत के कुंडे से फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। युवक को फांसी के फंदे पर झूलता देख परिजनों के होश उड़ गये। तत्काल उसे फंदे से निकालकर नीचे उतारा गया, जिसके बाद घर पर मौजूद राकेश के बहनोई रोहताश युवक को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया जांच में युवक द्वारा गृहक्लेश के चलते आत्महत्या करने की बात सामने आ रही है। जांच के बाद आगे कार्रवाई की जायेगी।

शिवचौक की बिजली लाइनें कब होंगी अंडरग्राउंड

मुजफ्फरनगर, १२ मई (बु.)। शहर में शिवचौक पर बिजली लाइनों को अंडर ग्राउंड करने के प्रस्ताव को केंद्रीय योजना के तहत मंजूरी मिल चुकी है। हालांकि इस पर अभी काम नहीं हो पाया है। आज सिंचाई विभाग निरीक्षण भवन पर मौजूद केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान और राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिलदेव अग्रवाल से जब पत्रकारों ने इस बारे में सवाल किया तो उन्होंने अधीक्षण अभियंता को बुलाया। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि शिवचौक पर लाइनों को अंडर ग्राउंड करने की योजना को केंद्रीय योजना के तहत मंजूरी मिल चुकी है। हालांकि इस पर कब काम शुरू होगा इसके बारे में उन्होंने कुछ नहीं बताया।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े विवादों की एक साथ सुनवाई का आदेश दिया

प्रयागराज, १२ मई (एजेंसी)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बृहस्पतिवार को श्रीकृष्ण जन्म भूमि विवाद को लेकर मथुरा की कोर्ट में दाखिल वादों की सुनवाई एक साथ किए जाने का आदेश दिया है। साथ ही सुन्नी वक्फ बोर्ड को जन्म भूमि की जमीन से हटाने को लेकर दाखिल वादों को चार माह में निस्तारित करने का सिविल जज सीनियर डिवीजन मथुरा को निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय ने भगवान श्री कृष्ण विराजमान व अन्य की याचिका पर दिया। याचिका दाखिल कर मांग की गई थी कि मथुरा में भगवान श्री कृष्ण विराजमान की जमीन को सुन्नी वक्फ बोर्ड द्वारा कब्जा कर लिया गया था। कहां गया था कि हाईकोर्ट निर्देश दे कि सभी वाद एक साथ तय किए जाएं।

ज्ञानवापी में तहखाना खोलकर मस्जिद के अंदर भी होगा सर्वे

वाराणसी, १२ मई (एजेंसी)। वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वेक्षण और कोर्ट कमिश्नर को बदलने को लेकर दायर याचिका पर सिविल जज सीनियर डिवीजन रवि कुमार दिवाकर की अदालत ने गुरुवार को फैसला सुनाया। कोर्ट कमिश्नर के हटाने के विपक्षी अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी के प्रार्थना पत्र को कोर्ट ने खारिज करते हुए मस्जिद के अंदर घुसकर सर्वे करने का आदेश दिया है। अदालत ने जिला प्रशासन व पुलिस आयुक्त को निर्देश दिया है कि सर्वे की कार्यवाही में यदि कोई बाधा डालता है तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करें। अदालत ने मुख्य सचिव व डीजीपी को निर्देशित किया है कि कमीशन की कार्यवाही होने तक पूरी निगरानी करें। अदालत ने आदेश दिया है कि कोर्ट कमिश्नर वादी विपक्षी व अन्य अन्य जरूरी लोगों के साथ मौके पर सुबह ८ से दोपहर १२ बजे तक प्रतिदिन सर्वे होने तक कमीशन की कार्यवाही पूर्ण कर आएंगे। उन्होंने कहा कि १७ मई से पहले या कार्यवाही पूरी कर नियत तिथि पर अदालत में रिपोर्ट पेश करेंगे। अदालत ने जिला प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए नाराजगी भी जताई। आदेश में कहा कि यदि मौके पर मस्जिद के अंदर प्रवेश करने के दौरान पुलिस व प्रशासन का सहयोग मिला होता तो आज सर्वे की कार्रवाई पूरी हो गई होती। अदालत ने सुनवाई के दौरान जिला प्रशासन व पुलिस आयुक्त की ओर से कोई एफिडेविट नहीं देने पर नाराजगी जताई। अदालत ने आदेश आने से पहले जहां कचहरी परिसर में भारी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती कर